रोहतक

मंगलवार, 12 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 193
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 36.9
न्यून. 25.4


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,604.08 | 746.29 ▲ |
| निफ्टी | 24,585.05 | 221.75 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,02,520/- | 900/- ▼ |
| चांदी | 1,14,000/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.75 | 17 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 66.61 बैरल | 0.03% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का प्रस्ताव नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को संसद में कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने के संबंध में केंद्र के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकारी खजाने पर अत्यधिक राजकोषीय बोझ के कारण सरकार ने ओपीएस से दूरी बना ली थी। *एजेंसी*

### ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड तैनात किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन डीसी को अब केंद्र सरकार के कंट्रोल में लेने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे संघीय नियंत्रण में काम करेगी। *एजेंसी*

### कर्नाटक में घमासान, मंत्री एन राजन्ना का इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद राजन्ना ने इस्तीफा दे दिया है। यह मामला सोमवार को कर्नाटक विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा का विषय बन गया जब भाजपा विधायकों ने कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल और राजन्ना से इस मामले पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। *एजेंसी*



---

एक परिसर में साथ रहना एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक

# प्रधानमंत्री ने किया सांसदों के लिए फ्लैट का उद्घाटन सामूहिक रूप से त्योहार मनाने का भी किया आह्वान

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए राष्ट्रीय राजधानी के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने फ्लैट के बहुमंजिला परिसर का उद्घाटन किया और सुझाव दिया कि इनमें रहने वाले सांसदों को भारत के विभिन्न त्योहार सामूहिक रूप से मनाना चाहिए तथा स्वच्छता पर प्रतिस्पर्धा करना चाहिए। मोदी ने कहा कि परिसर में विभिन्न राज्यों के सांसदों का रहना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रतीक होगा और यदि वे अपने-अपने राज्यों के त्योहार यहां सामूहिक रूप से मनाएं तो यह अच्छा कदम होगा। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों पर तंज करते हुए कहा कि परिसर के चार टॉवर में से एक का नाम 'कोसी' रखा गया है और कुछ लोग इसे आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से जोड़ सकते हैं, लेकिन 'छोटी सोच' वाले ऐसे लोगों को वह यह बताएंगे कि नदियों के नाम पर टॉवर का नामकरण करने की परंपरा लोगों को आपस में जोड़ती है।

### इक्कीसवीं सदी का भारत विकास के लिए उत्सुक

उन्होंने कहा कि ये नदियां, जो लाखों लोगों को जीवन देती हैं, अब जनप्रतिनिधियों के जीवन में आनंद की नयी लहर लाएंगी। इक्कीसवीं सदी का भारत विकास के लिए जितना संवेदनशील है, उतना ही उत्सुक है। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बना यह नया परिसर संसद भवन के करीब है और इसमें टाइप-7 श्रेणी के 184 बहुमंजिला फ्लैट हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों के लिए आवास की लंबे समय से कमी थी और नए सांसदों को आवास पाने में कठिनाई होती थी।



### नए फ्लैट्स में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी

नए बने फ्लैट्स का यह कॉम्प्लेक्स पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा बचाने वाला है। प्रोजेक्ट को जीआरआईएचए 3-स्टार रेटिंग के मानकों और 2016 के नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों के अनुसार बनाया गया है। हर फ्लैट करीब 5 हजार स्क्वायर फीट के कारपेट एरिया का है, जिसमें सांसदों के रहने के साथ-साथ उनके दफ्तर, स्टाफ के कमरे और सामुदायिक केंद्र की सुविधा भी है। सभी इमारतें भूकंप-रोधी हैं।

### निर्माण में नई तकनीक का किया इस्तेमाल

फ्लैट्स में मोनोलिथिक कंक्रीट और एल्यूमिनियम शटरिंग का प्रयोग किया गया, जिससे बिल्डिंग मजबूत बनी और समय पर काम पूरा हुआ। यह कॉम्प्लेक्स दिव्यांग-हितैषी है, ताकि सभी लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें। उद्घाटन के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, आवास समिति (लोस) के सभापति डॉ. महेश शर्मा समेत कई सांसद मौजूद रहे।

---

आईटीआई प्रमाणपत्र धारकों के लिए सरकार का बड़ा फैसला

# एक साल की अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग को माना जाएगा कार्य अनुभव

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में आईटीआई प्रमाणपत्र धारकों के लिए रोजगार अवसर बढ़ाने के मकसद से बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में अब विभिन्न विभागों व संगठनों में रोजगार के उद्देश्य से एक वर्ष या उससे अधिक अवधि के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को एक वर्ष के कार्य अनुभव के बराबर माना जाएगा। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में कौशल आधारित प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के व्यावहारिक अनुभव को मान्यता मिल सकेगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में जारी एक पत्र में कहा गया है कि एक वर्ष या उससे अधिक के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को उन प्रशिक्षुओं के लिए कार्य अनुभव माना जाएगा, जिनके पास अप्रेंटिसशिप नियम 1992 की अनुसूची-1 के अंतर्गत आईटीआई की योग्यता है और जिनके पास राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र है। संबंधित क्षेत्र के सीधी भर्ती के पदों के लिए इसे एक वर्ष का अनुभव माना जाएगा, जहां शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त, किसी पद के लिए पात्रता मानदंड में अनुभव का प्रावधान भी किया गया है।

> रोजगार अवसर बढ़ाने के मकसद से उठाया कदम
> ■
> कौशल आधारित प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को मिलेगा फायदा
> ■
> निर्देश जारी होने की तिथि से निर्णय लागू



### आईटीआई स्नातकों की मजबूत होंगी रोजगार संभावनाएं

प्रदेश सरकार का यह निर्णय निर्देश जारी होने की तिथि से प्रभावी होगा और इससे आईटीआई स्नातकों की रोजगार संभावनाएं मजबूत होंगी। सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, मिशन प्राधिकरणों, विश्वविद्यालयों और अन्य राज्य नियंत्रित संस्थानों को अपने सेवा नियमों और विनियमों में संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि एनएसी धारक अभ्यर्थियों को उनके अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण का उचित लाभ मिल सके। यह निर्णय केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप किया गया है।

## प्रजापति समुदाय के परिवारों को मिलेंगे पात्रता प्रमाण पत्र

*13 अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे शिरकत*

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में कुम्हार/प्रजापति समुदाय के परिवारों को 'पात्रता प्रमाण पत्र' दिए जाएंगे। आगामी 13 अगस्त को कुरुक्षेत्र में एक राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सूबे के मुख्यमंत्री नायब सैनी कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल और यमुनानगर जिलों के पात्र परिवारों को 'पात्रता प्रमाण पत्र' बांटेंगे। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मुख्यमंत्री के साथ कुरुक्षेत्र में मौजूद रहेंगे। पात्रता प्रमाण पत्र एक आधिकारिक दस्तावेज है, जो यह प्रमाणित करता है कि कोई व्यक्ति या संस्था किसी विशेष पाठ्यक्रम, परीक्षा, या नौकरी के लिए निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करती है। यह प्रमाण पत्र आमतौर पर शिक्षा संस्थानों, सरकारी विभागों, या अन्य संगठनों द्वारा जारी किया जाता है।

### अन्य जिलों में मंत्रियों व सांसदों की ड्यूटी लगी

ऊर्जा मंत्री अनिल विज जिला अम्बाला, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह गुरुग्राम, विद्यालय शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा पानीपत, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल फरीदाबाद, सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा रोहतक में प्रमाण पत्र बाटेंगे।

---

सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसले

# दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखें

छोटे बच्चों को इनसे खतरा, बचाना होगा, ये रेबिज फैला रहे

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में आवारा कुत्तों की समस्या को ''अत्यधिक गंभीर'' बताते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को शहर की सरकार और नगर निकायों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को उठाना शुरू करें और उन्हें आश्रय स्थलों में रखें। न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने में अधिकारियों के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि फिलहाल लगभग 5,000 आवारा कुत्तों के लिए आश्रय गृह बनाए जाने चाहिए और कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारी तैनात करें। शिशुओं और छोटे बच्चों को किसी भी कीमत पर आवारा कुत्तों से बचाना होगा, जिनके काटने से रेबीज होता है। कोर्ट ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर एक हेल्पलाइन बनाने का भी निर्देश दिया ताकि कुत्तों के काटने के सभी मामलों की तुरंत सूचना दी जा सके।

> शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द कदम उठाने का दिया निर्देश
> ■
> इस काम में कोई बाधा न डाले, वरना सख्त कार्रवाई होगी
> ■
> सार्वजनिक स्थानों सड़कों और कॉलोनियों में न छोड़ें




## सरकार पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) शाखा में पुरुष और महिला अधिकारियों के लिए 2:1 अनुपात में आरक्षण देने की नीति को रद्द कर दिया। जेएजी सेना की कानूनी विंग है, जहां अधिकारी कानूनी सलाह, कोर्ट-मार्शल मामलों और सैनिकों और उनके परिवारों की कानूनी जरूरतों को देखते हैं। दो महिला उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह नीति मनमानी है और संविधान के तहत सभी को मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सरकार केवल पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती। महिलाओं की सीटें सीमित करना गलत है। असली जेंडर न्यूट्रैलिटी का मतलब है कि सबसे योग्य उम्मीदवार चुने जाएं। दरअसल, दो महिला उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में 4वें और 5वें नंबर पर थीं, लेकिन महिलाओं के लिए केवल 3 सीटें होने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। जबकि उनसे कम अंक वाले पुरुष उम्मीदवार चुने गए।

> सेना की कानूनी विंग में आरक्षण नीति को किया रद्द
> ■
> सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह समानता के अधिकार का उल्लंघन
> ■
> दो महिला उम्मीदवारों की याचिका पर हुई सुनवाई

---



प्रदेश में अब तक 16 फीसदी अधिक बारिश

# हिसार में छज्जा गिरने से कर्मी और नूंह में घर ढहने से 2 बच्चों की मौत

**हिसार/नूंह (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 14 अगस्त तक मौसम परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है। मानसून सीजन में अभी तक 16 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है।

सोमवार को कई जिलों में तेज बारिश हुई, इनमें हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, सोनीपत, पानीपत, करनाल, जींद, कुरुक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर, अंबाला और पंचकूला शामिल रहे। बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रामधन सिंह बीज फॉर्म की बिल्डिंग का छज्जा गिर गया। इससे वहां काम कर रहे ठेका कर्मी शिकारपुर निवासी जगविन्द्र की मौत हो गई। वहीं, नूंह के रीठठ गांव में रविवार-सोमवार की रात एक मकान ढहने से एक ही परिवार के 5 सदस्य मलबे में दब गए। इस घटना में उम्मर (12) और नायरा (7) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सलीम, उसकी पत्नी और एक 5 वर्षीय लड़का गंभीर रूप से घायल हैं। प्रदेश में 10 अगस्त तक औसतन 257.2 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन 297.9 एमएम बारिश दर्ज की जा चुकी है।

> **मौसम अलर्ट**
> 14 अगस्त तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम, अच्छी बारिश की संभावना

# यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी से की फोन पर बातचीत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन कर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी बातचीत की। हमने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक कूटनीतिक पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें हमारे ऊपर रूसी हमलों के बारे में बताया, खासकर जापोरिझिया में बस स्टेशन पर हुए हमले के बारे में, जहां रूस ने जानबूझकर एक शहर पर बमबारी की, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। जेलेंस्की ने कहा कि- भारत हमारे शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और इस बात पर सहमत है कि यूक्रेन से जुड़ा हर फैसला यूक्रेन की भागीदारी के साथ ही होना चाहिए।



रूसी हमलों की जानकारी दी वैश्विक कूटनीतिक पर चर्चा




**खबर संक्षेप**

### राहुल के खुलासे से घबराई सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा किए गए फर्जी वोटर वाले खुलासे से बीजेपी सरकार घबरा गई है। इसलिए विपक्ष द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी वो कुचलना चाहती है। आज चुनाव आयोग के दफ्तर मार्च करने वाले विपक्षी नेताओं को जिस तरह पुलिस ने हिरासत में लिया, उससे स्पष्ट है कि सरकार तानाशाही पर उतर आई है।

### प्रदेश की जनता को लूट रही है सरकार : अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा नियमों को ताक पर रख कर हाईवे पर टोल स्थापित करने की आलोचना करते हुए कहा कि इन टोलों द्वारा करोड़ रुपये जनता से लूट रही है। एक टोल से दूसरे टोल की दूरी 60 किमी होनी चाहिए, लेकिन हरियाणा में बहुत सारे टोल ऐसे लगाए गए हैं जिनकी एक टोल से दूसरे टोल की दूरी 60 किमी से कम है।

### सुरजेवाला ने निर्वाचन आयोग की आलोचना की

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि वह मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेराफेरी के सबूत मिलने पर बहानेबाजी कर मतदाता धोखाधड़ी को छुपा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनावों में कांग्रेस के लिए जीत और हार का अंतर पूरे राज्य में कुल 22,779 वोटों का था।

हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले

# मुख्यमंत्री ने 1 हजार 763 करोड़ से ज्यादा के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी

» विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोशिएशन के बाद लगभग 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत हुई

» विद्युत आपूर्ति बेहतर बनाने के लिए 234.19 करोड़ से केबल, पोल और ट्रांसफार्मर की खरीद की जाएगी

■ 3.20 करोड़ से ज्यादा की लागत से क्लाउड सर्वर और स्टोरेज क्षमता सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़ी लगभग 1763 करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न वस्तुओं के खरीद प्रस्तावों एवं रेट कॉन्ट्रैक्ट को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत की गई है। बैठक में ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार वित्तीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और पारदर्शी खरीद प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यों को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड देंगे, ई-गवर्नेंस मजबूत करेंगे



बैठक में शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, बैठक में डिजिटल सेवाओं के विस्तार और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए उपकरणों के आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया। इसके लिए लगभग 3.20 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से क्लाउड सर्वर और स्टोरेज क्षमता सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे राज्य में सरकारी सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता, गति और कुशलता को और बढ़ावा मिलेगा।

## 12 करोड़ रुपये की लागत से 29 नई 52 सीटर बसें खरीदी जाएंगी




बैठक में कानून एवं व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से 29 नई 52 सीटर बसें और 6 मिनी बसें की खरीद को भी स्वीकृति दी गई। इससे हरियाणा की जनता को सफर करने में आसानी होगी और बेहतर परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा, विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा लगभग 234.19 करोड़ रुपये की लागत से एलटी एक्सएलपीई आर्मर्ड केबल, विभिन्न पोल तथा 20 केवीए ट्रांसफॉर्मर्स की खरीद को भी मंजूरी दी गई।

**सीएम के निर्देश**

## सैंपल फेल हुए तो एजेंसी पर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विद्युत केबल की गुणवत्ता की जांच मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में कराई जाए और यदि कोई सैंपल गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत उपकरणों और सामग्रियों की खरीद में सुरक्षा मानकों के दृष्टिगत किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए, ताकि सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, प्रिंसिपल एडवाइजर अर्बन डेवलपमेंट डी एस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, स्कूल शिक्षा विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, आपूर्ति एवं निपटान विभाग महानिदेशक पंकज के अलावा संबंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव उपस्थित रहे।

# ग्रुप डी के लंबित पदों की सूची जारी करने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह एडवोकेट से मुलाकात कर युवाओं ने ग्रुप डी लंबित पदों की सूची जारी करने की अपील की है। चेयरमैन ने युवाओं से मुलाकात कर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही है। बता दें कि हरियाणा सरकार द्वारा ग्रुप डी (01/2023) की अतिरिक्त सूची जारी की गई थी। इनमें 7596 में से केवल 6648 पदों की सूची जारी कर दी गई और इनमें से 948 पदों को लंबित रख लिया गया। युवाओं का एक प्रतिनिधिमंडल चेयरमैन हिम्मत सिंह से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के बाहर मिला, इस दौरान चेयरमैन ने उनकी मांग पर जल्द ही सूची को जारी करने को लेकर आश्वस्त किया है। इसमें 948 से ज्यादा पद होंगे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1430+1431

हमकि (1) कृष्णा विधवा व (2) प्रीत (3) यशबीर पुत्रान व (4) मनीषा (5) सरिता (6) प्रीति पुत्रीयान राजकंवार पुत्र सुरजभान, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 1670 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 86मिन/73, खाता न0 89 मिन, मु0 न0 40, किला न0 1/2(2–8) में से मिन दक्षिण (2–1), 2(8–0) में से मिन दक्षिण (6–18), 3(8–0) में से मिन दक्षिण (6–18), 4(7–8) में से मिन दक्षिण (6–7), मु0 न0 34, किला न0 8(8–0) में से मिन दक्षिण (2–4), 9/2(6–18) में से मिन दक्षिण (2–4), 12(8–0), 13(8–0), 18/1 (2–18), किते 9, तादादी रकबा 45 कनाल 10 मरले सालम भाग (जिसमें कृष्णा – मनीषा – सरिता – प्रीति हर चार समभाग 2/9 भाग व यशबीर – प्रीत हर दो समभाग 7/9 भाग) व खेवट न0 86मिन/73, खाता न0 89 मिन, मु0 न0 34, किला न0 19/1/1(2–18) किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 18 मरले सालम भाग (जिसमें कृष्णा – मनीषा – सरिता – प्रीति हर चार समभाग 160/261 भाग व यशबीर – प्रीत हर दो समभाग 101/261 भाग), उपरोक्त खेवटों से कुल तादादी रकबा 48 कनाल 8 मरले (6.05 एकड़) वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 48 कनाल 8 मरले (6.05 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 11.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com


**हाईकोर्ट का आदेश**

## बेल या सजा स्थगन के लिए डाउनलोड कॉपी भी मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी आरोपी की रिहाई के लिए जमानत या सजा स्थगन के आदेश की डाउनलोड की गई प्रति भी पर्याप्त होगी। कोर्ट ने कहा कि जब रजिस्ट्री से आदेश की प्रमाणित प्रति तुरंत नहीं भेजी जाती, तब कोर्ट के सामने बेल बॉन्ड दाखिल करते समय डाउनलोड कॉपी स्वीकार की जानी चाहिए। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस मनदीप पन्नू की खंडपीठ ने कहा न्यायिक हिरासत में बंद हर व्यक्ति जिसे बेल दी गई है या जिसकी सजा स्थगित हुई है, उसे बिना देरी रिहा किया जाना चाहिए। ऐसे में यदि आदेश की प्रमाणित प्रति रजिस्ट्री, कंप्यूटर सिस्टम या लोक अभियोजक द्वारा तुरंत नहीं भेजी जाती, तो कोर्ट की वेबसाइट से डाउनलोड की गई प्रति, सत्यापन के बाद, बेल बॉन्ड के लिए स्वीकार होनी चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रमाणित प्रति की आवश्यकता नहीं होगी। आरोपित के वकील कोर्ट की वेबसाइट से आदेश और केस की स्थिति डाउनलोड कर 'ट्रू कॉपी' के रूप में प्रमाणित कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर अधिकारी इसकी सत्यता ऑनलाइन भी जांच सकते हैं। यह टिप्पणी कोर्ट ने एक अपील में सजा स्थगन याचिका सुनते हुए की, जो फिरौती के लिए अपहरण से जुड़े मामले में दायर हुई थी।

## 370 पटवारियों को भ्रष्ट बताने वाली सूची लीक मामले में कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

भ्रष्ट पटवारियों की सूची जारी करने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में हरियाणा सरकार ने इस मामले की जांच के लिए गठित कमेटी की सील बंद रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई। कोर्ट को बताया गया कि रिपोर्ट में तीन अधीक्षक समेत तीन अधिकारियों के खिलाफ के कार्रवाई की सिफारिश की गई है। सरकार की तरफ से बताया गया कि यह सूची इन अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। इस पर याची की वकील ईशानी गोयल ने सरकार के इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि विभाग के मंत्री ने मीडिया में बयान देकर कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस तरह की और भी सूची जारी होगी इसलिए यह कहना गलत है कि यह सूची अधिकारियों की गलती से जारी हुई। ईशानी ने कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए यह सूची जारी की गई। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले का उल्लेख करते हुए याची की वकील ने कोर्ट से इस सूची पर रोक की मांग की। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने याची को कहा कि वो अगली सुनवाई पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले की कॉपी कोर्ट में पेश करे। कोर्ट ने सरकार को भी आदेश दिया कि वह दोषी अधिकारियों के खिलाफ आरोप तय कर कोर्ट में हलफनामा पेश करे। इस मामले में याची साहिबजीत सिंह संधू ने कहा है कि इस सूची के सार्वजनिक होने के बाद विभिन्न मीडिया ने इसे बिना किसी सत्यापन के प्रकाशित किया है। बिना किसी जांच के व्यक्तियों को भ्रष्ट बताना अधिकारों का उल्लंघन है। यह भी मांग की कि इस लीक के लिए जिम्मेदारों की पहचान करने के लिए स्वतंत्र जांच की जाए।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 23–अम्बाला/2025–26, दिनांक: 11.08.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसआरई स्टेशन यार्ड लाइनों में टीएफआर कार्य, केजेजीवाई स्टेशन यार्ड लाइनों में टीएफआर कार्य और एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/पी–वे/वाईजेयूडी और एसएसई/पी.वे/एसआरई के खंड में 8.455 TKM का टीएफआर कार्य। | 56,04,200/- | 1,12,100/- | 10 महीने | 02.09.2025 |
| 2 | अंबाला डिवीजन में 60 किग्रा/52 किग्रा रेल के लिए जी–3 (एल) प्रकार के इनसिटू ग्लूड इंसुलेटेड जोड़ प्रदान करना। | 3,35,54,120/- | 3,17,800/- | 18 महीने | 02.09.2025 |
| 3 | यूएमबी–केएलके सेक्शन पर एडीईएन/ट्रैक/अंबाला के अधीन घग्गर में गिट्टी डिपो में रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में विधिवत स्टैक्ड और लोड किए गए बीजी ट्रैक के लिए 50000 सीयूएम 65 मिमी गेज मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | 5,82,48,500/- | 4,41,300/- | 08 महीने | 02.09.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन/II/यूएमबी अनुभाग में सीटीआर (पी) 44.56 किमी., ठेकेदारों की अपनी SQRS मशीन के साथ। | 7,09,18,446/- | 5,04,600/- | 18 महीने | 02.09.2025 |

**नोटः 1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2452/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "स्वचालित स्प्रिंग टेस्ट बेंच, हाइड्रोलिक ट्रॉली और पुशर–पुलर्स के सामान के साथ स्काडा आधारित अल्टरनेटर और आरआरयू / ईआरयू परीक्षण बेंच की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 03.09.2025 प्रातः 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 11.08.2025 12:31 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 2166326.60/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 43300/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग– । खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 60 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 20.08.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 03.09.2025 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24-25/टी/19/टेस्टिंग बेंच/आर टी 2453/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न.295 दिनांक 08/08/2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम-जगदीप।
पिता का नाम- कलीराम।
पता - गांव बुटाना कुण्डू थाना बरोदा जिला सोनीपत।
उम्र- 61 वर्ष।
कद- 05 फुट 08 ईन्च।
हुलियाः- रंग गेहुआं, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले-सफेद बाल।
पहनावा :- क्रीम रंग का कुर्ता-पायजामा व काले रंग की हवाई चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04/08/2025 को जगदीप पुत्र कलीराम वासी गांव बुटाना कुण्डू थाना बरोदा जिला सोनीपत। जो बिना किसी को कुछ बताए अपने घर से कहीं पर चला गया है जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना -7419410546
अनुसंधान कर्ता मो. नं.-9050588060
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3736/2026/37536/88/6 दि. 11.08.25


### डॉ. आरसी मिश्रा ने राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**चंडीगढ़।** डॉ. आरसी मिश्रा, 1989 बैच भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी, ने आज हरियाणा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण (एसपीसीए) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पूर्व में हरियाणा पुलिस में वरिष्ठ पदों पर कार्यरत डॉ. मिश्रा ने कहा कि वे निष्पक्ष न्याय, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और नागरिकों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे। राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण पुलिस के गंभीर कदाचार से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करता है तथा पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने के लिए सुधारों का सुझाव देता है।



डॉ. आरसी मिश्रा

### नशा मुक्ति को लेकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल

**पंचकूला।** अंबाला रेंज के आईजीपी व सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम के विशेष अधिकारी पंकज नैन ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 13 अगस्त को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में होने वाले राज्य स्तरीय नशामुक्त अभियान कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/यू एस/डिवी. यूएचबीवीएन, रोहतक के कार्यालय में वॉशरूम का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 3,60,833/- | https://etenders.hry.nic.in 30/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | वृत्त कार्यालय यूएचबीवीएन, सोनीपत में शौचालय का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 3,82,593/- | https://etenders.hry.nic.in 31/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | एस/यू डिवीजन यूएचबीवीएन, सोनीपत (फाजिलपुर) में पार्किंग शैड और पेव्ड एरिया का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 3,87,800/- | https://etenders.hry.nic.in 32/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | डिवीजनल स्टोर बहादुरगढ़ में 7' ऊंची चारदिवारी पर कंसरटिना कॉयल वायर का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 2,26,000/- | https://etenders.hry.nic.in 33/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन लाखनमाजरा रोहतक में प्रस्तावित रोड के नीचे मिट्टी भराई और ब्रिक टो वॉल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 4,05,039/- | https://etenders.hry.nic.in 29/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 6 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन सिसाना, सोनीपत में नियंत्रण कक्ष के कॉलम्स और बीम्स की रेट्रोफिटिंग। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 3,86,127/- | https://etenders.hry.nic.in 34/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | मॉडल टाउन एस/डिवी. ऑफिस, यूएचबीवीएन, रोहतक में उपभोक्ता शैड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 1,54,928/- | https://etenders.hry.nic.in 35/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 8 | यूएचबीवीएन | ओपीएच कॉलोनी, यूएचबीवीएन, रोहतक में सिटी एस/डिवी. नं. 2 में उपभोक्ता शैड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 1,54,928/- | https://etenders.hry.nic.in 36/CCR/2025-26 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/160/37566/I/88/6 दि. 11.08.25



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, नरवाना | जीन्द जिले में गांव डबलैन में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी की विशेष मरम्मत। | 08.08.2025 14.08.2025 | 3.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आर.डी. 0 से 107200 टेल तक भिवानी सब ब्रांच की रिमॉडलिंग। | बंद होने की तिथि 28.08.2025 | 5727.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 3 | मोतीलाल नेहरू खेल-कूद विद्यालय, राई, सोनीपत | विद्यार्थियों के लिए विद्यालय पोशाक की आपूर्ति। | 08.08.2025 22.08.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 4 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव मियापुर ब्लॉक नारायणगढ़ - गांव मियापुर ब्लॉक नारायणगढ़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 08.08.2025 14.08.2025 | 91.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 5 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव - संतोखी ब्लॉक शहजादपुर - गांव संतोखी में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 3 कार्य। | 08.08.2025 22.08.2025 | 182.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 6 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव सम्भालखा, ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, जैडपी। | 07.08.2025 14.08.2025 | 46.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | 31.54 - गांव माछरौली, ब्लॉक माछरौली, जिला झज्जर में एससी चौपाल (श्री श्याम सदन) को पूरा करना। | 07.08.2025 14.08.2025 | 25.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव आसन किलोई में राजीव गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में विकास कार्य + 2 कार्य। | 08.08.2025 14.08.2025 | 26.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचूकला | असरेवाली - गांव असरेवाली, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में नई धर्मशाला का निर्माण (पुनर्निविदा)। | 07.08.2025 14.08.2025 | 20.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार2, ई-लाइब्रेरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा)। | 08.08.2025 20.08.2025 | 23.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज हिसार | कैपरो, नारनौंद, गऊशाला में गाय के लिए शैल्टर अथवा शैड का निर्माण (एमपी) + 4 कार्य। | 08.08.2025 21.08.2025 | 38.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/37558/I/88/6 दि. 11.08.25

## खबर संक्षेप

### स्मैक तस्कर को दस साल की सजा व जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने सोमवार को नशा तस्करी के जुर्म में एक तस्कर को 10 साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी छह साल पहले स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने चमेला कॉलोनी निवासी सुरेंद्र उर्फ गूंगा से 30 ग्राम चरस बरामद की थी। सोमवार को एडिशनल सैशन जज शिफा की अदालत ने सुरेंद्र उर्फ गूंगा को दोषी करार देते हुए 10 साल की कठोर कैद और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

### साइड देने के हॉर्न बजाने पर कार चालक से मारपीट

**फतेहाबाद।** एक तरफ पुलिस जहां स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अलर्ट होने के दावे कर रही है वहीं दूसरी ओर शहर की सडक़ों पर गुण्डागर्दी रूकने का नाम नहीं ले रही। गत दिवस रात को भी बीघड़ चौक पर गाड़ी द्वारा साइड को लेकर हॉर्न बजाने से तैश में आए कुछ बदमाशों ने गाड़ी सवार के साथ न केवल मारपीट की बल्कि उसकी गाड़ी में भी तोडफ़ोड़ कर डाली। मिली जानकारी के अनुसार, बीघड़ चौक पर पिकअप गाड़ी खड़ी थी, जिसमें सात-आठ युवक सवार थे। इसी दौरान ढाणी बीकानेरी निवासी सिमर सिंह वहां ब्रेजा कार लेकर आया। वह अपने घर जा रहा था। उसने गाड़ी आगे करके साइड देने के लिए हॉर्न बजाना शुरू किया तो इसको लेकर विवाद हो गया। इसके बाद पिकअप सवार युवकों ने ब्रेजा कार ड्राइवर की लात-घुसों से जमकर मारपीट की। इसके बाद उसका मोबाइल व जेब में रखे पैसे भी छीन ले गए।

### पति से कहासुनी के बाद महिला ने फंदा लगाया

**फरीदाबाद।** पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के चलते महिला ने आत्महत्या कर ली। सुबह जब काफी समय तक दरवाजा नहीं खुला, जिसके बाद लोगों ने दरवाजा खोलकर देखा, तो महिला फांसी के फंदे से लटकी मिली। घटना पन्हेड़ा खुर्द गांव की है। मृतका की पहचान चांदनी के नाम से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार मथुरा के दाऊजी गांव की रहने वाला जगदीश अपने परिवार के साथ पन्हेड़ा खुर्द में किराए के मकान में रह रहा था। जगदीश मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था।

# कैथल में आंगनबाड़ी केंद्र में सिलेंडर फटा, साथ वाले कमरे में थे 20 बच्चे

■ कमरे में बच्चे न होने से बड़ा हादसा टला ■ वर्कर्स ने सभी को सकुशल बाहर निकाला ■ धमाके से केंद्र क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

गांव ड्योढ़ खेड़ी में सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र में सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया, लेकिन गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सिलेंडर कमरे की छत को फाड़ते हुए तीन मंजिल तक जा पहुंचा और आग की लपटें भी आसमान छू रही थी। आग को देखकर गांव में हड़कंप मच गया तथा सभी घटनास्थल की ओर दौड़े। बाद में दमकल कर्मचारियों ने कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी वर्कर ने खाना तैयार करने के लिए जैसे ही रेगुलेटर को ऑन किया तो अचानक सिलेंडर में आग लग गई। मौके पर चार सिलेंडर रखे हुए थे, जिनमें से दो में आग लग गई और एक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान चार आंगनबाड़ी कर्मी और करीब 20 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया क्योंकि कमरे रसोई से दूसरे कमरे में थे। जिस जगह सिलेंडर रखा था, वहां के कमरे की छत की सभी कड़ियां पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। जिस समय सिलेंडर फटा तो बच्चे दूसरे कमरे में थे और उनकी जान बच गई। जैसे ही इसकी सूचना गांव के लोगों को मिली तो दमकल विभाग की टीम बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी में खाना बनाने के लिए रेगुलेटर को जलाया तो सिलेंडर बलास्ट हो गया और तीन कमरों में आग लगी गई।

■ केंद्र में चार सिलेंडर थे, दो में आग लगी, एक में ब्लास्ट


कैथल। आंगनबाड़ी केंद्र में आग लगने से जली छत


कैथल। केंद्र में लगी आग पर काबू पाते दमकल विभाग के कर्मचारी।



### ब्लास्ट से सहमे बच्चे

ब्लास्ट हो गया आग की लपटे इतनी थी कि तीन मंजिल तक उसकी लपटे पहुंच गई थी। आंगनबाड़ी कर्मी की सूझ-बूझ से बच्चों को बाहर निकाला गया। आग की लपटों से सारी की सारी कड़ियां जलकर राख हो गई फंखे मोटर और तार के साथ साथ ब्लास्ट में शीशे तक टूट गए। इस मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियों को बुलाया और आग पर काबू पाया गया। मौके पर चार सिलेंडर रखे हुए थे, दो सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में जान का कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मकान बिल्कुल ध्वस्त हो गया। ग्रामीणों के अनुसार इस मकान का चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# टॉय ट्रेन का झूला टूटा, दंपति व उनका बेटा गिरकर घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

हिसार रोड पर 3 अगस्त को शुरू हुए ट्रेड फेयर में लापरवाही का मामला सामने आया है। ट्रेड फेयर में झूलों का आनंद लेने आए एक परिवार यहां हुए हादसे का शिकार हो गए। यहां टॉय ट्रेन का झूला टूटने से एक ही परिवार के तीन लोग गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस मामले में लोगों ने ट्रेड फेयर आयोजकों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल रोहित ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ ट्रेड फेयर में घूमने आए थे। जब वे टॉय ट्रेन में सवार हुए तो वह ऊपर जा रही थी। अचानक टॉय ट्रेन का झूला टूटकर ट्रैक से नीचे गिर गया। इससे वे तीनों भी नीचे गिर गए।

### ट्रेड फेयर में हादसे से हड़कंप, कार्रवाई की मांग

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। रोहित ने टोहाना प्रशासन से ट्रेड फेयर की परमिशन रद्द करने की मांग की है। घायल के पिता दर्शन सिंगला ने बताया कि उनका बेटा अपने परिवार के साथ ट्रेड फेयर में आया था। झूला टूटने से परिवार के तीनों सदस्य नीचे गिर गए। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रेड फेयर के बाहर कोई एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं है, जो नियमों की अवहेलना है।

### फर्स्ट एड की सुविधा भी नहीं मिली

न ही किसी प्रकार की फस्ट एड सुविधा मिली। प्रत्यक्षदर्शियों ने ट्रेड फेयर के आयोजकों पर लापरवाही के आरोप लगाए। कुछ लोगों ने बताया कि थोड़ी देर पहले ही सचेत किया गया था कि पुर्जे कसे हुए नहीं है। इसके बावजूद कोई संज्ञान नहीं लिया गया। थोड़ी देर बाद हादसा हो गया। सेफ्टी के उचित प्रबंध भी नहीं किए गए हैं।

# 50 लाख की हेरोइन के साथ जीजा और साला गिरफ्तार

**यमुनानगर।** लाखों रुपये की हेरोइन के साथ जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने जीजा साला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 680 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेशकर रिमांड पर ले लिया।

एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से दो युवक पल्सर बाइक पर सवार होकर कलानौर बॉर्डर से होकर यमुनानगर की तरफ जा रहे हैं। उनके पास नशे की बड़ी खेप है।



### बाइक पर थे दोनों

इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में डीएसपी हेडक्वार्टर कमलजीत सिंह को बुलाया गया। जिनके सामने आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से 680 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस जांच में आरोपियों की पहचान अल्लादिया व अमजद के रूप में हुई। रिश्ते में अल्लादिया व अमजद जीजा साला लगते हैं।

# उचाना में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट, वर्दी फाड़ी, एक घायल

■ तारखां में झगड़े की सूचना पर पहुंची थी पुलिस, छह पर केस

**जींद।** उचाना खंड के गांव तारखां में मारपीट की सूचना मिलने पर गई पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की गई और वर्दी तक फाड दी गई। घायल पुलिसकर्मी को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर पांच लोगों को नामजद कर छह-सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सब इंस्पेक्टर राजेंद्र ने उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अगस्त रात को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि गांव तारखा में वाल्मीकि बस्ती में तारा चंद व उसके परिवार के साथ नवीन व उसके परिवारजन आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि गली में एक-दूसरे पर पथराव किया गया था। वहां पर मौजूद महिला ओमकला पत्नी स्व. तारा चंद वा उसके परिवार की लड़किया घबराई हुई थी और चिल्ला रही थी कि नवीन व उसके साथियों ने उन पर हमला किया है। वह साथी पुलिसकर्मियों के साथ नवीन के मकान पर पहुंचे तो राहुल, विक्की उर्फ विक्रम, निशु पत्नी विक्रम, बीरो पत्नी निवासा, रोहताश व छह-सात अन्य लोगों ने पुलिस कर्मचारियों के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया और झगडा किया। इस दौरान ईंटें मारी व वर्दी को फाड़ दिया। सरकारी गाड़ी की खिड़की को भी तोड़ दिया।

# होटल में शराब पीकर मचा रहे थे उत्पात जज ने बुला ली पुलिस, तीन गिरफ्तार

■ परिवार के साथ होटल में खाना खा रहे थे जज, पुलिस के आने से पहले भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खोरी (रेवाड़ी)

कुंड में एक होटल पर खाना खा रहे जज के सामने शराब के नशे में हेकड़ी दिखा रहे तीन युवकों को पुलिस ने काबू करने के बाद हवालात में बंद कर दिया। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। रविवार देर सायं एक एएसजे अपने परिवार सहित कुंड के एक होटल पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में होटल पर आए तीन युवकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। काफी समझाने के बाद भी वह होटल संचालक के साथ उलझे रहे, तो होटल संचालक रामकिशन ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस को फोन करते ही तीनों युवक वहां से चले गए। इसी बीच एएसजे ने भी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी को सूचित कर दिया। इसके बाद पुलिस तेजी से हरकत में आ गई। तुरंत पुलिस होटल पर पहुंची। वहां पहुंचने पर पता चला कि आरोपी वहां से चले गए हैं। इसके बाद तीनों की तलाश शुरू की गई।

### दूसरे होटल पर खाना खाते दबोचे



होटल पर हंगामा करने के बाद तीनों युवक दूसरे होटल पर जाकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने तीनों को काबू कर लिया। काबू किए गए आरोपी राजस्थान के लक्सीवास निवासी निखिल, बुड़ौली के अंकित शर्मा और नारनौल के नसीबपुर निवासी सोनू बताए गए हैं। सोनू व निखिल आपस में जीजा-साले हैं। पुलिस ने तीनों को हवालात में बंद करने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# मॉडल के सामने अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

■ आरोपी नामी कंपनी में सहायक मैनेजर ■ 14 लाख के सैलरी पैकेज पर काम कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सिविल लाइन एरिया के राजीव चौक पर कैब का इंतजार कर रही मॉडल के सामने अश्लील करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गुडग़ांव में किराए पर रहता है और भारी-भरकम पैकेज पर एक कम्पनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पुलिस ने उसे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों फुटेज की जांच के अवलोकन तथा टेक्निकल जांच के बाद गिरफ्तार किया। दरअसल, सोशल मीडिया पर चार अगस्त को एक पोस्ट युवती (मॉडल) के द्वारा डाली गई थी। युवती ने बताया कि वह किसी काम से गुरुग्राम से जयपुर गई थी। जयपुर से बस लेकर तीन अगस्त की सुबह दिल्ली-जयपुर हाइसे पर गुरुग्राम के राजीव चौक पर पहुंच गई। घर जाने के लिए कैब का इंतजार कर रही थी। इस दौरान उसने एक युवक को उसे देखकर गंदी हरकतें करते हुए देखा।

■ राजस्थान की रहने वाली मॉडल से छेड़छाड़ का मामला



### करनाल का रहने वाला है आरोपी, केस दर्ज

सोशल मीडिया पर युवती का वीडियो वायरल होने के बाद सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कर लिया और युवक की पहचान में जुट गई। मामले में सिविल लाइंस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण, के नेतृत्व में एल/एएसआई ममता ने पुलिस टीम के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान के लिए प्रयास किए। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-49, गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान करनाल के अभिलाष कुमार (32 वर्ष) के रूप में हुई। आरोपी अभिलाष कुमार ने एम.टेक. की हुई है और वह गुडग़ांव के सेक्टर-11 में किराए के मकान में रहता है। वह शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। यह (आरोपी) सैक्टर-49, गुरुग्राम में स्थित एक कम्पनी में 14 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर एसिस्टेंट मैनेजर के पद पर नौकरी करता है। कम्पनी में जाने के लिए यह अपने किराए के मकान से राजीव चौक होकर जाता है। वह 2 अगस्त को अपने बेटे के स्कूल से पेरेन्ट-टीचर मीटिंग से वापस आ रहा था, उसी दौरान उसने अश्लील हरकत की।

# फरीदाबाद सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव स्थगित, नहीं बनी सहमति

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम में सात वर्षों के बाद हो रहे सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि कुछ टेक्निकल कारणों के चलते चुनाव नही हो पाया है। जल्दी ही चुनाव की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। फरीदाबाद नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे रस्साकशी चलती रही, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके बाद चुनाव को स्थगित कर दिया गया। इस चुनाव को लेकर बीजेपी दो गुटों में बटी नजर आई। 6 घंटे तक लगातार चली बैठक में भी भाजपा सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का नाम घोषित नही कर पाई।इन पदों पर अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए भाजपा में दो पक्ष आमने-सामने हैं। एक तरफ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर हैं, तो दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्य मंत्री राजेश नागर है। निगम के सभागार में से बल्लभगढ़ से मूलचंद शर्मा, एनआईटी से सतीश फागना और बडख़ल से धनेश अदलक्खा अपने पार्षदों के साथ बैठक से वॉक आउट कर गए, लेकिन कुछ समय के बाद वो वापस निगम के सभागार पहुंच गए। गौरतलब है कि 2 मार्च को नगर निगम की 46 सीटों के के लिए पार्षद सहित मेयर के पद के चुनाव के लिए भी वोटिंग की गई। जिसमें 39 सीटों पर भाजपा के पार्षद पहुंचे और मेयर की पद पर भी प्रवीण बत्रा ने कांग्रेस की उम्मीदवार लता चंदीला को हराकर जीत हासिल की थी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने देसी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर.65 की टीम ने 10 अगस्त को अपने गुप्त सुत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए वासिम वासी संत नगर ओल्ड फरीदाबाद को कृष्णा कॉलोनी से देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने ऑटो चोरी के एक अन्य मामले का खुलासा किया। जिसके बाद ऑटो को साहुपुरा सरकारी स्कूल सेक्टर-65 के पास से बरामद किया गया है। आरोपी नशा करने का आदी है और पूर्व में भी अपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 'वोट चोरी' के आरोप पर गरमा रही हरियाणा की सियासत

■ राहुल की टिप्पणी के बाद की एक्शन की तैयारी, कांग्रेस रणनीति बनाने में जुटी

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी के आरोपों को लेकर नोटिस भेजने का होमवर्क कई रोज पहले पूर्ण कर लिया गया था। राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी और फर्जीवाड़े के आरोप लगाए जाने के बाद हरियाणा के निर्वाचन विभाग के अफसर भी अलर्ट हो गए थे। तथ्यों की जांच पड़ताल और आरोपों को लेकर हुए मंथन के बाद लीगल एक्शन लेने का फैसला पहले ही हो गया था। इस तरह के संकेत हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ए. श्रीनिवास ने एक पोस्ट के जरिये पहले ही दे दिए थे। नोटिस दिए जाने और दस दिनों में जवाब देने को लेकर हरियाणा प्रदेश के कांग्रेस के सियासी दिग्गजों और दिल्ली कांग्रेस हाईकमान में नोटिस को लेकर चिंतन मंथन हुआ है ताकि आने वाले वक्त के लिए रणनीति तैयार की जा सके।

यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा में हैट्रिक लगने और सरकार बनने के बाद में कांग्रेस पार्टी के दिग्गज हैरान और परेशान हुए थे। कांग्रेसी नेताओं की ओर से उस वक्त भी गंभीर आरोप लगाए थे। पंजाब से अलग होकर राज्य बनने के बाद हरियाणा में यह पहला मौका रहा जब किसी पार्टी की हैट्रिक लगी और तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही। केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि पूरा कांग्रेस हाईकमान हरियाणा में जीती हुई बाजी हाथ से निकल जाने को लेकर बेहद चिंतित भी दिखाई दिए थे। प्रदेश के विस चुनावों में हार की समीक्षा की गई और अब तक भी कोई बदलाव और कार्रवाई पार्टी के नेताओं पर नहीं हुई। अधिकांश नेताओं ने पराजय का ठीकरा चुनावों में धांधली की बात कहकर फोड़ा था। बीते बृहस्पतिवार को कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने वोट चोरी करने के आरोप भी भाजपा के नेताओं पर लगाए थे। राहुल ने चुनाव आयोग पर भी सवाल खड़े कर दिए थे।

## राहुल गांधी ने कांग्रेस की लुटिया डुबो दी : सैनी



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला व कांग्रेस पार्टी की लुटिया डुबो देने की बात कही। राहुल गांधी के बयान को लेकर एक्स पर री-पोस्ट कर दिया गया था। सैनी ने कहा कि राहुल ने पिछले दो दशकों में राजनीति में स्थापित होने के लिए काफी प्रयास किए हैं, लेकिन वे इस काम में पूरी तरह से असफल साबित हुए हैं। नायब सैनी ने आगे कहा कि खुद तो असफल हुए ही, उन्होंने पूरी कांग्रेस की लुटिया भी डुबोकर रख दी है। उन्होंने कहा कि बार-बार हरियाणा को लक्ष्य कर वो हरियाणा प्रदेश कांग्रेस संगठन की ढील और गुटबाजी पर पर्दा डालने का असफल प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा के मेरे परिवारजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कांग्रेस को नकार कर भाजपा को प्रदेश में प्रचंड बहुमत दिया व तीसरी बार सरकार बनाई है।

## सुप्रीम कोर्ट की नसीहत के बाद भी नहीं सुधरे राहुल : विज



हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नसीहत दिए जाने के बाद भी राहुल अनर्गल बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। विज का कहना है कि तथ्यों से हटकर कुछ भी बोल देना राहुल की आदत में शुमार हो चुका है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। बूथ स्तर से लेकर मतगणना केंद्रों पर सभी पार्टियों के एजेंट होते हैं, उसी समय कोई खामी होने पर आपत्ति उठाई जाती है। राहुल गांधी अपनी और पार्टी की नाकामी को छुपाने के लिए हरियाणा की जनता को भ्रम डालने का प्रयास कर रहे है।



## खबर संक्षेप

### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ कहां हैं: संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।



उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का के बारे में जानने के लिए यह पत्र लिखा है। उन्होंने दावा किया है कि उनसे संपर्क करने के प्रयास असफल रहे हैं। राउत ने कहा कि धनखड़ के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वे कहां हैं?

### ओडिशा में एक और लड़की ने लगा ली आग

**बरगढ़।** ओडिशा के बरगढ़ जिले के एक गांव में कथित तौर पर खुद को आग लगाने वाली 13 वर्षीय



स्कूली छात्रा ने सोमवार को बुर्ला के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रभारी बोलांगीर के एसपी अभिलाष जी ने बताया कि वीर सुरेंद्र साईं आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में लड़की की मौत हो गई। 3 सदस्यीय पुलिस दल इसकी जांच करेगा।

### साहिबाबाद फल और सब्जी मंडी में फायरिंग

**गाजियाबाद।** यहां के साहिबाबाद नवीन फल एवं सब्जी मंडी में



बैठक के दौरान 3लोगों ने गोलीबारी कर दी। इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ। हमलावर फायरिंग के बाद काले रंग की स्कॉर्पियो कार में बैठकर फरार हो गए। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने किसानों के लिए आरक्षित प्लेटफार्म पर कब्जे को लेकर बैठक बुलाई थी। व्यापारियों से कब्ज़े हटाने पर चर्चा चल रही थी।

## बिहार में मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

# ईसी ने 30 को बुलाया पर पहुंच गए 300, मार्च करते हुए इंडी ब्लॉक के नेता सड़क पर ही बैठ गए

### संसद भवन से चुनाव आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारी विपक्षी सांसदों को रोकने के लिए परिवहन भवन में पुलिस बैरिकेड्स लगा दिए। यहां उन्हें चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर आगे बढ़ने से रोक दिया गया। पुलिस का कहना था कि विपक्षी सांसदों की ओर से इस मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस की ओर से रोके जाने के बाद अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा समेत कई सांसदों ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की कोशिश की।

**बैरिकेड कूदकर अखिलेश ने दिया धरना**

बिना अनुमति किया हंगामा बैरिकेड्स पर भी चढ़े



### ये रहे शामिल

मार्च में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से टीआर बालू (द्रमुक), संजय राउत (शिवसेना-यूबीटी), डेरेक ओब्रायन (टीएमसी), कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव समेत द्रमुक, राजद और वामपंथी दलों जैसे विपक्षी दलों के अन्य सांसद शामिल थे।

**'वोट चोरी' के आरोपों के विरोध में नारे लगाए**

पुलिस की ओर से सांसदों को आगे बढ़ने से रोके जाने पर कई नेता सड़क पर ही बैठ गए और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और 'वोट चोरी' के आरोपों के विरोध में नारे लगाने लगे। उन्होंने पोस्टर लिए और एसआईआर को वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाए। 'एसआईआर' और 'वोट चोरी' लिखी हुई लाल क्रॉस वाली सफेद टोपी पहने प्रदर्शनकारी सांसदों ने तख्तियां और बैनर लहराकर एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाए। इससे पहले संसद के मकर द्वार पर विरोध मार्च शुरू करने से पहले उन्होंने राष्ट्रगान गाया।

### चुनाव आयोग ने मांगी थी जानकारी



चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को पत्र लिखकर दोपहर 12.30 बजे मिलने के लिए बुलाया था। चुनाव आयोग ने उनसे 30 सांसदों के साथ आने को कहा था और आने से पहले उन सांसदों की सूचना देने की बात कही थी।

### महिला सांसद भी बैरिकेड्स पर चढ़ गईं

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, सुष्मिता देव और कांग्रेस की संजना जाटव, ज्योतिमणि बैरिकेड्स पर चढ़ गईं औररोके जाने पर चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाने लगीं।

### थरूर ने कहा- विश्वसनीयता को लेकर कोई संदेह न रहे

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि राहुल ने कुछ गंभीर सवाल उठाए हैं। ये गंभीर जवाबों के हकदार हैं। चुनाव आयोग की न केवल देश के प्रति, बल्कि अपनी ओर से भी जिम्मेदारी है कि जनता के मन में हमारे चुनावों की विश्वसनीयता को लेकर कोई संदेह न रहे।

**चुनाव आयोग अब 'चुराओ आयोग' बन गया: जयराम**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग को लिखा मेरा पत्र सीधा था। मैंने रविवार शाम यह पत्र लिखा था और 'चुनाव आयोग', जो अब 'चुराओ आयोग' बन गया है, ने मुझे कोई जवाब नहीं दिया।

**ये संविधान बचाने की लड़ाई: राहुल**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हमने हिम्मत की है। सरकार डरी हुई है। सरकार कायर है। राहुल ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। राजनीतिक नहीं।

**मिताली, मोइत्रा की तबीयत बिगड़ी**

प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की मदद करते देखे गए। वे प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं। संजना जाटव की हालत खराब हो गई।

## भाजपा का पलटवार, राहुल को घेरा

# यह तो संविधान विरोधी रवैया है पहले भी हो चुका 'सर' पर काम



विपक्ष के चुनाव आयोग मार्च पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल पर संविधान विरोधी रवैये का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर देश में पहली बार नहीं हो रहा है, लेकिन विपक्ष इसे बहाना बनाकर झूठ फैलाने और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। प्रधान ने कहा कि देश देख रहा है कि जो लोग संविधान के खिलाफ काम कर रहे हैं, उनकी अगुवाई राहुल गांधी कर रहे हैं। यह पहले भी हो चुकी है। उन्होंने कांग्रेस पर झूठ बोलने, ईवीएम पर सवाल उठाने, महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। यह विपक्ष की सोची-समझी रणनीति है।

### राहुल झूठ बोल रहे, प्रमाण नहीं दे रहे: रविशंकर

सांसद रविशंकर ने कहा कि राहुल से बार बार कहा गया कि वो प्रूफ दें फिर भी नहीं दे पा रहे हैं। उइससे



पहले भी वो पेगासस मामले में प्रूफ दे पाए थे? सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने अपना मोबाइल या किसी का दिया था? राफेल में कोई प्रूफ दिया था? सीधी बात है कि वो बार बार हारते हैं। उनको वोट नहीं मिलता। ये उसी की खीज है।

### एक व्यक्ति, एक परिवार संवैधानिक नहीं हो सकता

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोला। रिजिजू ने आरोप लगाया कि



गठबंधन के नेता संविधान और लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने कहा कि जो भी एक पार्टी, एक परिवार या एक व्यक्ति करता है, वह संवैधानिक नहीं हो सकता।

## राहुल के खिलाफ 3 राज्यों के सीईओ ने दिया नोटिस

# ये ईसी का डेटा, मैं साइन नहीं करूंगा: राहुल

मार्च के दौरान मीडिया ने राहुलसे पूछा कि चुनाव आयोग ने आपको नोटिस का जवाब देने को कहा है और आप जवाब नहीं दे रहे हैं। राहुल ने जवाब देते हुए कहा कि ये चुनाव आयोग का डेटा है, मेरा डेटा थोड़ी है जो मैं साइन करूं। हमने आपको ही दिया है, आप अपनी वेबसाइट पर डाल दीजिए, सबको पता लग जाएगा। ये सिर्फ बेंगलुरु में नहीं, देश के अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है। चुनाव आयोग जानता है कि उसका डेटा फटेगा, इसलिए उसे कंट्रोल और छिपाने की कोशिश हो रही है। कर्नाटक की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कड़ा रुख दिखाया है। आयोग ने राहुल को पत्र लिखकर कहा है कि उन्होंने मतदाताओं के नाम, पते और पहचान में धांधली के जो आरोप लगाए हैं, उनके सबूत पेश करें और शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो अपने बयान वापस लें और जनता को गुमराह करना बंद करें।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी : राणा दग्गुबाती ईडी के सामने पेश

**हैदराबाद।** साउथ स्टार राणा दग्गुबाती सोमवार को हैदराबाद स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश हुए। यह मामला अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े मनी लॉनड्रिंग आरोपों से संबंधित है। ईडी इस मामले की जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कर रही है। इससे पहले, जुलाई में ईडी ने चार प्रमुख फिल्मी सितारों – प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और लक्ष्मी मांचू – को समन जारी कर अलग-अलग तारीखों पर पूछताछ के लिए तलब किया था।

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNIT No. 115596 (EPC-D- 127/ PD&C),dated 11.04.2025 | शुद्धिपत्र सं. 6/बोलियां ऑनलाइन जमा की तिथि में विस्तार 22.08.2025 तक 17:00 बजे तक और 08.08.2025 (प्रकाशन हेतु)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37569/I/88/6 दि. 11.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | नगर परिषद, भिवानी के अधिकार-क्षेत्र के तहत 16 से वार्ड नं. 31 तक विभिन्न वार्डों में मौजूदा लाइट्स / एलईडी (सोडियम, ट्यूब, सीएफएल) लाइट्स इत्यादि को बदलना और वायर सहित क्लेम्प्स तथा बैंड का प्रावधान व फिक्सिंग। | 08.08.2025 19.08.2025 | रु. 38.33 लाख | https://works.haryana.gov.in | 99966295555 eo.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37565/I/88/6 दि. 11.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 12, एम.सी. रोहतक में रामगोपाल कॉलोनी में विभिन्न गलियों के निर्माण हेतु आकलन + 1 कार्य। | 07.08.2025 18.08.2025 | रु. 136.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37563/I/88/6 दि. 11.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में स्ट्रीट लाइट का प्रचालन और रखरखाव। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 63,89,000/- ईएमडी रु. 1,28,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37561/I/88/6 दि. 11.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | 1. पांच वर्ष के लिए एमसी झज्जर में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों/हस्तांतरण स्टेशनों/प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। 2. नगर परिषद झज्जर की सीमाओं के अंदर घूमने वाले आवारा मवेशी (गाय, बछड़ा, सांड) को पकड़ने और श्री गऊशाला झज्जर में उनको छोड़ने, भेजने के सम्बन्ध में। | 07.08.2025 28.08.2025 | रु. 1263.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466361167 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/37552/I/88/6 दि. 11.08.25

## पुणे में तेज रफ्तार कंटेनर का कहर

# 7 श्रद्धालुओं की मौत और 35 से ज्यादा लोग हो गए घायल

एजेंसी ▶▶| पुणे



महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ तालुका के कुंडेश्वर में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 35 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मृतक और घायल श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए यात्रा कर रहे थे। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा शिक्रापुर–चाकन रोड पर करांदी गांव की सीमा में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, तेज रफ्तार मालवाहक कंटेनर चालक ने नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर 7-8 वाहनों को रौंद डाला। टक्कर की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई वाहन सड़कों पर पलट गए और उनमें सवार लोग घायल हो गए। कंटेनर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसा, जिससे वहां भी भारी नुकसान हुआ।

## नवी मुंबई के अस्पताल में आग

# यहां 21 मरीज थे भर्ती, सभी को सुरक्षित बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई



यहां के नेरुल स्थित सुश्रुषा अस्पताल में सोमवार दोपहर को बेसमेंट में आग लगने से कई मरीज चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाने काम शुरू किया। सभी मरीजों को अस्पताल से निकालने का काम बहुत ही तेज गति से किया गया। जब आग लगी तो करीब 21 मरीज अस्पताल में थे। 20 मरीजों को दूसरी ब्रांच में शिफ्ट किया गया जबकि 1 मरीज को वाशी के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। आग के समय 4 मरीज आईसीयू में भर्ती थे। सभी लोगों को ऑक्सीजन एम्बुलेंस से दूसरे अस्पताल में ट्रांसफर किया गया। आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों की मदद ली गई और करीब एक घंटे का समय लगा जब आग पर काबू पा लिया गया। बेसमेंट पूरी तरह जल गया। जबकि धुआं दूसरे फ्लोर्स तक फैल गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

## लोकसभा में संशोधित आयकर विधेयक पारित

# यह 1961 के आयकर अधिनियम को बदलने के आधार के रूप में काम करेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में संशोधित आयकर विधेयक, 2025 को पेश किया, जिसे लोकसभा में पास कर दिया गया है। इस संशोधित विधेयक में बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति द्वारा की गई ज्यादातर सिफारिशों को शामिल किया गया है। ये कदम सरकार द्वारा पिछले हफ्ते आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने के फैसले के बाद उठाया गया है, जिसे 13 फरवरी को पेश किया गया था।



सीतारमण ने कहा कि नए आयकर विधेयक के लिए सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सही विधायी अर्थ बताने के लिए शामिल करना जरूरी है। प्रारूपण की प्रकृति, वाक्यांशों के संरेखण, परिणामी बदलावों और परस्पर संदर्भों में सुधार किए गए हैं।

### प्रवर समिति की सिफारिशें

- सामान्य क्रम में शब्द को हटाकर खाली संपत्तियों के लिए वास्तविक किराए और मान्य किराए के बीच स्पष्ट तुलना जोड़ें।
- निर्दिष्ट करें कि 30 फीसदी मानक कटौती नगरपालिका टैक्स में कटौती के बाद लागू होती है। निर्माण-पूर्व ब्याज कटौती को किराए पर दी गई संपत्तियों तक बढ़ाएं।
- किसी निधि से पेंशन प्राप्त करने वाले गैर-कर्मचारियों के लिए परिवर्तित पेंशन कटौती की अनुमति दें।
- अस्थायी रूप से अप्रयुक्त

## वोटर लिस्ट विवाद में उद्धव का सवाल

# चुनाव आयुक्त सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति से ऊपर हो गए?



**मुंबई।** इन दिनों बिहार में मतदाता सूची में संशोधन पर हंगामा जारी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया, जिसके बाद से बवाल मचा हुआ है। चुनाव आयोग ने इस आरोप पर राहुल गांधी को नोटिस जारी कर दिया है। मामले पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयुक्त को निशाने पर लिया है। मुंबई में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग ने हाल ही में राहुल से हलफनामा देने को कहा। इसके पहले उन्होंने कहा कि हटाए गए सभी नामों को देने की उनकी कोई बाध्यता नहीं है। तो क्या इलेक्शन कमिश्नर राष्ट्रपति या सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर चले गए हैं? क्या ये सुप्रीम कोर्ट का अपमान नहीं है?

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (रुचि की अभिव्यक्ति)**

| | |
|---|---|
| 1. | **एन.आई.टी. संख्या :** एन.आई/मेड/02/अम्बाला/2025 |
| 2. | **टेंडर संख्या :** मेड/टेंडर/02/2025 |
| 3. | **कार्य का नाम :** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, अम्बाला मंडल के द्वारा प्रसिद्ध मल्टी स्पेशिलिटी और हेमोडायलिसिस सुविधाओं वाले अस्पतालों से कालका एवं धुरी जिलों के लिए वर्तमान सी.जी.एच. चंडीगढ़ 2014 रेट पर रेलवे लाभार्थी को कैशलेस आपातकालीन चिकित्सा सुविधा देने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। संपूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in पर जाएं। |
| 4. | **कार्य की अवधि :** 24 महीने |
| 5. | **निविदा डालने व खोलने की अंतिम तिथि व समय :** निविदा/प्रार्थना पत्र डालने का समय दिनांक 09.09.2025 को 15:00 बजे तक तथा टेंडर खोलने का समय दिनांक 09.09.2025 को 15:10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी के कार्यालय में |
| 6. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** www.nr.indianrailways.gov.in निविदा दाता से दिनांक 09.09.2025 पूर्व 11:00 बजे तक अपने रिस्क पर निविदा कागजात डाउनलोड की जा सकती है। |
| 7. | **टेंडर फॉर्म की लागत :** शून्य |
| 8. | जिन अस्पतालों को पहले से ही अंबाला डिवीजन के साथ सूचीबद्ध किया गया है और उनके पास वैध अनुबंध है, उन्हें नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। |

सं.: एन. आई. टी. मेड 02- अंबाला 2025 दिनांक: 07.08.2025 2448/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Indus Shareshree Pvt Ltd**

SEBI Registerd category I {RTA}

**Important Update for Investors Holding Physical Shares!**

As per the latest SEBI circular dated July 2, 2025, a Special Window has been opened for investors to re-lodge transfer requests for physical shares that were:

- Originally lodged before April 1, 2019
- Rejected/Returned due to document deficiencies
- Missed the previous deadline of **March 31**, 2021

**Re-lodgement Window:** {From July 7, 2025 to Jan 6, 2026}

- Re-lodged shares will be tranferred only in demat form
- Proper documentation required

If you missed the earlier deadlines, this is your golden chance to secure your investments.

**Contact us today to re-lodge your share transfer requests and dematerialize your shares hassle-free!**

ippl@indusinvest.com
www.indusinvest.com

Tel:- 011-47671200, 214

## चिंतन

# आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चले

भारत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का हिदायत भरा निर्देश स्वागत योग्य है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश भर में लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं। यह राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चलना चाहिए। सभी राज्य सरकारों को चाहिए वे खूंखार हो रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाएं। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाकों से सभी आवारा कुत्तों को उठाने व उन्हें आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। कोर्ट ने चेतावनी भी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। दरअसल, पशु संरक्षण के नाम पर चल रहे कई संगठन व व्यक्ति आवारा कुत्तों व बंदरों के खिलाफ प्रशासनिक एक्शन में अवरोध पैदा करते रहे हैं। देश की सड़कों, गलियों को आवारा कुत्तों व बंदरों से सुरक्षित बनाना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल रेबीज़ से लगभग 20,000 लोगों की मौत होती है। यह दुनिया भर में रेबीज़ से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत है। 20 लाख से अधिक कुत्ते काटने के मामले सामने आ चुके हैं। भारत में रेबीज़ साइलेंट किलर रोग के रूप में उभर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कथित पशु प्रेमियों व पेट एक्टिविस्टों को आईना भी दिखाया है कि क्या पशु कार्यकर्ता और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज़ का शिकार हो गए। खास बात है कि उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई को इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, अब उसी पर सुनवाई हो रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया है कि दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय स्थल भेजेगी। न्यायालय ने आदेश दिया है कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी हों, जो कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें। इन केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी कुत्ता न तो छोड़ा जाए या बाहर ले जाया जाए। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा एवं गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया है। दुनिया में आवारा कुत्तों के हमलों की सबसे ज्यादा संख्या भारत में होती है। भारत में रेबीज़ से होने वाली मौतों के सबसे ज्यादा मामलों के साथ-साथ दुनिया में आवारा कुत्तों और बिल्लियों की संख्या भी सबसे ज्यादा है। पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2001 के मुताबिक, आवारा कुत्तों को मारा नहीं जा सकता, केवल नसबंदी की जा सकती है। नगर पालिकाओं के पास आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए पैसे की कमी होती है। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र में आवारा कुत्तों की संख्या सबसे ज्यादा है। बिहार सरकार ने पाया कि आवारा कुत्तों का काटना राज्य में बीमारी का तीसरा बड़ा कारण है। आवारा कुत्ते राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, बफर ज़ोन और संरक्षित क्षेत्रों में लुप्तप्राय प्रजातियों और पशुधन को मार देते हैं। किसानों ने शिकायत की है कि आवारा कुत्ते उनके पशुधन को मार देते हैं। आवारा कुत्तों के हमले कई कारकों का परिणाम हैं, जिनमें सरकार और पशु कल्याण संगठनों की लापरवाही और व्यक्तिगत उदासीनता शामिल है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी (डब्ल्यूपीएसआई) ने आवारा कुत्तों के खतरे को समाप्त करने के लिए सख्त कार्रवाई का आह्वान किया है।

## 'वोट चोरी' मुद्दा

डॉ. घनश्याम बादल



# खतरनाक मोड़ पर आरोपों की राजनीति

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं वें काफी सनसनीखेज हैं।

इन आरोपों के माध्यम से राहुल गांधी ने अपना तथा कथित 'एटमबम' फोड़ा है जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि इस बम के फटते ही चुनाव आयोग उड़ जाएगा। 2024 के लोकसभा के चुनावों से ही राहुल गांधी काफी 'लाउड पॉलिटिक्स' कर रहे हैं। वे लगातार भाजपा मोदी एवं चुनाव आयोग तथा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। एक तरह से उन्होंने आरोपी की छड़ी लगा रखी है और चुनाव आयोग तथा सरकार के प्रति जनता में वे एक अविश्वास की भावना पैदा करने में लगे हुए हैं। विपक्षी नेता होने के नाते यह बहुत स्वाभाविक है और यह भी सच है कि सत्ता पक्ष के नेता भी राहुल गांधी को उकसाने और कोसने व खिझाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उनके जाल में फंस राहुल गांधी अति उत्साह में भी कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं कि हंसी के पात्र बन जाते हैं।

54 साल के राहुल की ऐसी बड़बोलेपन की टिप्पणियां उन्हें मीडिया में उपहास का पात्र भी बनवा देती हैं। इसके कई उदाहरण पिछले समय में देखने को मिले हैं जैसे लोकसभा में अपने भाषण के तुरंत बाद अपने ही एक साथी की तरफ देखकर अति उत्साह में संसद में आंख मारना, मैं और मैं संसद में बोलूंगा तो मोदी टिक नहीं पाएंगे, चौकीदार चोर है, नरेंद्र सरेंडर और ऐसे ही दूसरे वक्तव्यों से राहुल गांधी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है। लेकिन इस बार जब बिहार में सरकार ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) का बीड़ा उठाया तब राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने इस पर यह कहते हुए एतराज़ किया कि यह सब वोटों की चोरी के लिए किया जा रहा है। उनका आरोप है कि ऐसा इंडिया के समर्थक वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाने एवं एनडीए समर्थकों को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए यह सब ड्रामा किया जा रहा है। जबकि इतिहास बताता है कि चुनावों से पूर्व इस प्रकार की प्रक्रिया पहले भी होती रही है। राहुल और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर बिहार की मतदाता सूची में ने केवल काटने जा रहे 65 लाख मतदाताओं की और इशारा करते हुए इस पर आपत्ति कर रहे हैं अपितु वोटर लिस्ट की अंतिम कमियां भी किनारे रहे हैं यहां एक बड़ा प्रश्न उठता है कि एक और आप महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा आदि राज्यों में वोटर लिस्ट की कमियों को वोटो की चोरी बताते हैं तो वहीं बिहार में जब मतदाता सूचियां में सुधार की बात आती है तब आप उसका विरोध करते हैं। राहुल लगातार ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं और सरकार पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मध्यप्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा हरियाणा में आशा के विपरीत परिणाम आए तो वह और भी मुखर होकर बोले। उनके अनुसार कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के चुनावों पर छह महीने उनकी टीम ने कार्य किया और पाया कि अचानक ही वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जोड़ दिए गए हैं। इतना ही नहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डुप्लीकेट वोटर, गलत पते वाले वोटर एवं बहुत छोटे फोटो वाले वोटर्स के साथ-साथ एक ही छोटे से घर में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वोटर होने का प्रमाण देने वाली वोटर लिस्ट दिखाई। उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी बताया कि किस तरह फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करते हुए उसमें 70 वर्षीय मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ने का खेल खेला गया। जबकि इस फार्म के माध्यम से केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं जो आने वाले चुनाव के समय ही 18 वर्ष की आयु के हुए हैं। यानी इस बार राहुल जो बात कर कर रहे हैं प्रमाण के साथ कर रहे हैं। यदि राहुल गांधी पर विश्वास करें तो लगता है कि वोटर लिस्ट में कमियां हैं और एक ही व्यक्ति के नाम अनेक जगहों पर भी अक्सर पाए जाते रहे हैं यानी माना जा सकता है कि इस विषय में उनके प्रमाण काफी पुख्ता हैं। लेकिन वे जिस तरह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं वह बहुत ख़तरनाक है और यदि जैसा कि राहुल कहते हैं न्यायालय एवं चुनाव आयोग तथा सरकार एवं उनकी एजेंसियां मिलकर लोकतंत्र को चुरा रहे हैं तो फिर यह और भी चिंताजनक बात है तथा भारत में सच्चे लोकतंत्र की उपस्थिति पर गहरा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। लेकिन उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें एफिडेविट देकर प्रक्रिया के अनुसार अपनी बात रखने को कहा तो राहुल इसके लिए तैयार नहीं होते। अब क्या सही है और क्या ग़लत यह मीडिया में तो तय नहीं हो सकता बल्कि इसके लिए तो संविधान सम्मत तरीके से ही फैसला हो पाएगा। ग़लती चुनाव आयोग की है तो फिर वह शपथ पत्र क्यों दें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# यूएन में सहकारिता की वैश्विक अनुगूँज



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

**भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदाहरण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी। एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है।**

विश्व में भारत की व्यापक छवि बन रही है। यह भारतीय नागरिकों व सरकार के लिए गर्व की बात है कि सहकारिता मॉडल पर चर्चा करते हुए भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी साथ ही विश्व में अपनी स्थापनाओं के लिए भी महत्त्वपूर्ण बन सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, दुनिया के लिए सहकारी समितियां एक आदर्श हैं लेकिन भारत के लिए यह हमारी संस्कृति का आधार और जीवन जीने का एक तरीका है। प्रधानमंत्री की वही स्थापना अब संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन से स्वीकार की गई है।

संयुक्त राष्ट्र साझेदारी को प्रोत्साहन देता है। हमारे बहुपक्षीय संबंधों व बहुपक्षवाद की अवधारणाओं के लिए सयुक्त राष्ट्र की पैरवी विगत 80 वर्ष से निरंतर जारी है। सहकारिता के मूल में ही साझेदारी है। कायदे से सहकारिता जैसे उपक्रम को संयुक्त राष्ट्र द्वारा तत्परता व सक्रियता से पूरी पृथ्वी पर फैलाने की भरपूर कोशिश की जानी चाहिए थी। लेकिन विविध विषयों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ता संयुक्त राष्ट्र सहकारिता पर उतना सक्रिय राष्ट्रों के बीच एकमत नहीं बना सका। यदि ऐसा कर सका होता तो हमारे साझा भविष्य कुछ ज्यादा समृद्ध हुए होते। समावेशी और सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने में अपने विश्वसनीय भागीदार की खोज अब संयुक्त राष्ट्र में भी है। संयुक्त राष्ट्र यह चाहता है कि भारत जैसा लोकतंत्र हमारे साथ खड़ा हो और वह हमारे सहकारिता कार्यक्रम को आगे बढ़ाए।

एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जिस प्रकार एक परिवार मिलजुलकर एक दूसरे की भलाई के लिए कार्य करता है, उसी प्रकार सहकारिता भी सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। भारत के प्रधानमंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र देकर सहकारिता को एक 'जन आंदोलन' का स्वरूप प्रदान किया है। आज यह आंदोलन भारत के कोने-कोने में पहुंचकर हर गांव, हर महिला, हर युवा, हर किसान को सशक्त कर रहा है। वस्तुतः यह समष्टिगत ताकत जो सहकारिता प्रदान कर रही है, उसे अमित शाह ने स्पष्ट किया। गैर-बराबरी मिटाने के लिए सहकारिता का माध्यम इसलिए अब विश्व में ज़रूरत बनता जा रहा है।

विश्व में गैर-बराबरी के कारण भूख, गरीबी व संघर्ष के विविध स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। यदि भारत में छिड़ा सहकारिता आन्दोलन विश्व के लिए एक मिसाल बन सका तो इसमें अमित शाह का अप्रतिम योगदान इतिहास में अंकित होगा, जिसे उन्होंने कुछ वर्षों में ही भारत में उपलब्धि के रूप में हासिल किया है। यह संयुक्त राष्ट्र का एक महत्वाकांक्षी प्रयास बन सकेगा जो कि अफ्रीकी



देशों में व्याप्त असमानता को दूर कर सकता है। गैर-बराबरी के ज़ख्म को भर सकता है। आर्थिक समृद्धि के लिए नए रोडमैप दे सकता है। भारत का इसलिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवदान बनने जा रहा है जो कि सहकारिता आन्दोलन होगा। सहकार से समृद्धि यह नारा ही अपने आप में अद्वितीय है और यह साझेदारी से समृद्धि की नई चेतना का विस्तार है।

सहकारी समितियों की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि वे लोकतांत्रिक होती हैं। वे जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित संस्थाएँ हैं। ये विशेषताएँ अपने आप में सहकारी समितियों को सतत विकास का एक आदर्श माध्यम बनाती हैं, जो वास्तव में लोगों की जरूरतों को प्रतिबिंबित और पूरा करती हैं। सबसे अहम बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र में हुए सम्मेलन में केन्या, कोलंबिया व मंगोलिया के राजदूत ने भारत की खूब तारीफ़ की। अगर केन्या के राजदूत के उद्बोधन का स्मरण करें तो उन्होंने कहा कि अच्छे रोज़गार सृजित करने के अलावा, सहकारी समितियाँ पारंपरिक रूप से बहिष्कृत समूहों जैसे महिलाओं, युवाओं, वृद्धों, विकलांग व्यक्तियों और स्वदेशी लोगों के लिए परिणामों में सुधार करके सामाजिक समावेशन और भूख व गरीबी उन्मूलन में भी योगदान देती हैं। भारत का एक आदर्श उदाहरण सामाजिक-एकजुटता व एकजुट अर्थव्यवस्था की सफलता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करने की दिशा में इसे प्रदर्शित करता है।

सच यह है कि भारत की जनसँख्या इन्डियन डिविडेंड है। भारत में अभी 840,000 से ज़्यादा सहकारी समितियाँ हैं जिनके 32 करोड़ से ज़्यादा सदस्य हैं। यह संख्या जैसे जैसे बढ़ेगी, भारत के सहकारिता को बल मिलेगा। भारत में अभी एक सहकारिता विश्वविद्यालय है, आने वाले समय में इसकी संख्या जब कम से कम पांच हो जाएगी, तो भारत का सहकारिता मानव संसाधन पूरे विश्व में सर्वोत्तम परिणाम दे सकेगा। हमारे देश की लीडरशिप आज इतनी मजबूत है जो इसे करेगी भी।

बेहतर दुनिया बनाने हेतु सच में संकल्प से सिद्धि एक माध्यम है। भारत की लीडरशिप इसके लिए सतत प्रयास कर रही है। आज जब एसडीजी-2030 के लक्ष्य को वैश्विक स्तर पर हासिल करने की बात की जा रही है तो भी भारत की ओर दुनिया रुख कर रही है। आईएलओ की प्रतिनिधि ने भारत की प्रशंसा इस बात पर की कि भारत ने सहकारिता व सहकारी समितियों को पहचाना। उसने इसे महत्व दिया व इसे एकजुट किया। भारत में सहकारिता को प्रमुखता दी जा रही है, इसे गरीबी उन्मूलन के उपादान के तौर पर प्रतिष्ठित की जा रही है। यही कारण है कि इसकी संयुक्त राष्ट्र में अनुगूँज सुनाई पड़ रही है। इस प्रशंसा से यह एहसास होता है कि सच में भारत ने कुछ किया है, कुछ विशेष अचीव किया है।

विश्व में अभी प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए युग के लिए संभावित कदमों की पहचान करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर विचार किया जा रहा है। अभी भी विश्व के सभी देश सहकारिता को अपने देश के विकास का हिस्सा नहीं मान रहे हैं, अपितु वे यह विश्वास कर रहे हैं कि वे अचानक से वह सब हासिल कर लेंगे जो सहकारिता के बिना भी संभव है। भारत का अभिप्राय है ही है कि वह सम्पूर्ण विश्व को प्रभाषित करके सबको विकास व आत्मबोध के प्रकाश से भर दे। यदि विश्व में सहकारिता के विकास के लिए भारत सरकार सहकारिता पैरोकारों को तैनात करे तो निश्चय ही यह उसकी ओर से वैश्विक बदलाव की दिशा में अप्रतिम व महत्वाकांक्षी योजना सिद्ध होगी। इससे विश्व में सहकारिता के लिए भारत की देशों के स्वभाव परिवर्तन की एक नई गाथा ऐतिहासिक रूप से अंकित होगी।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण




संकलित

**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी



संकलित

**प्रेरणा**

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी बोलने में शर्म कैसी?

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर ज़ुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है। *-परेश राजपूत, भिलाई*

## करंट अफेयर

# नासा की योजना चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर बनाने की

चंद्रमा पर उतरना, वहां ध्वज फहराना, वहां की मिट्टी अनुसंधान के लिए लाना अब पुरानी बात है। अब नई अंतरिक्ष दौड़ पृथ्वी के इस इकलौते उपग्रह पर स्थायी निर्माण और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर शुरू हो गई है, जिसमें परमाणु ऊर्जा संयंत्र अहम भूमिका निभा सकते हैं। खबरों की मानें तो अप्रैल 2025 में चीन ने वर्ष 2035 तक चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की योजना पेश की थी, जो उसके प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र को ऊर्जा देगा। इसके जवाब में अगस्त में अमेरिका के कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन डफी ने कहा कि अमेरिका वर्ष 2030 तक चंद्रमा पर अपना परमाणु रिएक्टर चालू कर सकता है। यह नया भले ही लगे



लेकिन यह चौंकाने वाली खबर कतई नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अचानक शुरू हुई होड़ नहीं है। नासा और अमेरिकी ऊर्जा विभाग लंबे समय से छोटी परमाणु ऊर्जा प्रणालियों पर काम कर रहे हैं, जो चंद्रमा पर अड्डों, खनन कार्यों और दीर्घकालिक निवास के लिए बिजली उपलब्ध करा सकें। अंतरिक्ष कानून विशेषज्ञ मानते हैं कि यह हथियारों की होड़ नहीं बल्कि रणनीतिक बुनियादी ढांचे की दौड़ है। कानूनी रूप से प्रतिबंधित नहीं। परमाणु ऊर्जा का अंतरिक्ष में इस्तेमाल नया विचार नहीं है।

## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है

रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक



विशाल कैनवास है - और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)। इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है। किसी भी पुरा-अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती - चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट - यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है।

## ट्रेंड

### योगदान को महत्व



हमारी सरकार भारत के विकास में बेंगलुरु के योगदान को बहुत महत्व देती है और हम इस महान शहर के बुनियादी ढाँचे को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभान्वित करेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लोकतंत्र कलंकित



संसद के सत्र के दौरान मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं का नाम हटाने के मामले में 300 सांसदों से चुनाव आयोग का मिलने से इनकार करना, व पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार के बाद उनको हिरासत में लिए जाना, निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जिसने भारतीय लोकतंत्र को कलंकित किया है।

-आनंद शर्मा, कांग्रेस नेता

### अस्मिता के आधार



भारत की अस्मिता के दो उज्ज्वल आधार हैं- संस्कृति और संस्कृत। संस्कृत केवल भारतवर्ष की ही नहीं, अपितु समस्त विश्व की आद्य, प्राचीन और देव भाषा है। यह वह अमृतधारा है, जिससे अनादिकाल से समस्त सभ्यताओं ने ज्ञान-विज्ञान का पान किया।

- अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### त्योहार मनाया जाए



हर साल की तरह इस बार भी रीमा भाभी ने अपनी तरफ़से और मेरी सारी बहनों की तरफ़से मुझे राखी बाँधी।बहुत ही सुखद अनुभूति होती है जब परिवार के सभी सदस्यों के बीच में त्योहार मनाया जाए।

- अनुपम खेर, अभिनेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# वनडे सीरीज : वेस्टइंडीज ने लिया बदला, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▶▶| तारूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)

- जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए
- चेज ने 2 छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से बनाए नाबाद 49 रन

रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स की उपयोगी पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। बारिश के व्यवधान के कारण वेस्टइंडीज के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 35 ओवर में 181 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा।



### चेज और ग्रीव्स ने की 77 रन की अटूट साझेदारी

त्रिनिदाद और टोबैगो के तारूबा स्थित ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज का स्कोर 18 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन था, जो 24 ओवर में पांच विकेट पर 111 रन हो गया। इसमें शेरफेन रदरफोर्ड का विकेट भी शामिल था, जिन्होंने 33 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर 26 रन) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हसन नवाज ने एक बार फिर पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 30 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में नाबाद 63 रन बनाए थे। हसन की रविवार की पारी में तीन छक्के शामिल थे। इनमें से दो छक्के उस ओवर में लगे जो बारिश के बाद पाकिस्तान की पारी का आखिरी ओवर साबित हुआ। हुसैन तलत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाए। पाकिस्तान के अधिकतर बल्लेबाजों में धीमी बल्लेबाजी की। इनमें कप्तान मोहम्मद रिजवान भी शामिल थे, जिन्होंने 38 गेंद पर 16 रन बनाए।



### अंतिम मैच आज

पाकिस्तान ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया था। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में खेली गई पिछली टी-20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

## खबर संक्षेप



### लंदन चैंपियनशिपः संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं दीक्षा

**लंदन।** भारत की दीक्षा डागर सेंचुरियन क्लब में चल रही पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन इसके बाद वह 11वें से 14वें होल के बीच तीन बोगी कर गईं, जिससे उन्होंने पार स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 216 रहा। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान पर हैं। अदिति अशोक (72) पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 34वें जबकि प्रणवी उर्स (75) दो ओवर के कुल स्कोर से 44वें स्थान पर रहीं। जर्मनी की लॉरा फन्फस्टक ने कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ एक शॉट से खिताब जीता।

### मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में भाग लेंगे चार भारतीय

**तांगेरांग (इंडोनेशिया)।** भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ (एपीजीसी) और इंडोनेशिया गोल्फ संघ की ओर से आयोजित पहली 'मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं, जो एक आयु सीमा (ज्यादातर देशों में 25 साल) को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय 'मिड-अमेच्योर' चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गाडिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे।



### जूनियर हॉकी राष्ट्रीय में 30 टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारुप में खेली जाएगी। नया प्रारुप इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है। भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे।



## भारतीय टीम के ऐलान से पहले नेशनल क्रिकेट एकेडमी करेगा परीक्षण

# एशिया कप 2025: हार्दिक देंगे फिटनेस टेस्ट एनसीए में 1 सप्ताह और रहेंगे सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप के लिए भारतीय टीम के ऐलान से पहले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में फिटनेस टेस्ट देंगे। इसके अलावा भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हार्निया की सर्जरी करने के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। वह एनसीए में 1 हफ्ता और गुजारेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पंड्या का 11 और 12 अगस्त को रुटीन फिटनेस परीक्षण होगा। हार्दिक जुलाई के मध्य से मुंबई में ट्रेनिंग कर रहे हैं। 31 साल के इस खिलाड़ी ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने में अहम भूमिका निभाई। पंड्या ने हाल के समय में व्हाइट बॉल में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम को उनसे एशिया कप में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



### श्रेयस को मिलेगा मौका ?

पंड्या से पहले मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने 27 से 29 जुलाई के बीच अपना फिटनेस टेस्ट दिया था। दिसंबर 2023 से भारत के लिए टी20 नहीं खेले श्रेयस ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में चैंपियन बनाया। एक साल बाद पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया। यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता श्रेयस को मौका देते हैं या नहीं।



### पूरी तरह से नहीं उबरे यादव

इस बीच भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जून में जर्मनी के म्यूनिख में हुई स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। जानकारी के अनुसार सूर्या को फिजियो और मेडिकल टीम की निगरानी में पूरी तरह से फिट होने के लिए एनसीए में एक और हफ्ता बिताना होगा। कुछ दिन पहले सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे एनसीए में बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए दिखे थे।

### आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए हम प्रतिबद्ध : हरमनप्रीत



**मुंबई।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है, जिसमें भारत उपविजेता रहा था। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं, जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।' इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत की टीम की साथी स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# भारतीय टीम पहले नंबर पर काबिज, पाक को नुकसान



एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तानी टीम को आईसीसी रैंकिंग में जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। टीम की हालत काफी खराब नजर आ रही है। आईसीसी की वनडे रैंकिंग की बात करें तो इस वक्त भारतीय क्रिकेट टीम पहले नंबर पर है। टीम इंडिया की रेटिंग 124 की है। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड है और तीसरे पर ऑस्ट्रेलियाई टीम का कब्जा बना हुआ है। इस बीच बात अगर चौथे नंबर की करें तो इस पर पहले पाकिस्तानी टीम हुआ करती थी, जो अब नहीं है। अब नंबर चार पर श्रीलंका की टीम पहुंच गई है। दरअसल खुद श्रीलंका ने तो ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे उसे एक पायदान का फायदा मिला हो, पाकिस्तानी टीम वेस्टइंडीज से मैच हार गई है, इसलिए उसे एक स्थान का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तानी टीम नंबर पांच पर पहुंची

पाकिस्तानी टीम अभी तक चौथे नंबर पर मौजूद थी, लेकिन अब टीम नंबर पांच पर जा पहुंची है। श्रीलंका की रेटिंग जहां एक ओर 103 की है, वहीं पाकिस्तान की रेटिंग 102 की हो गई है। हालांकि पाकिस्तान के अब यहां से और नीचे जाने की संभावना काफी कम है, क्योंकि नंबर छह पर साउथ अफ्रीका की टीम है, जिसकी रेटिंग 96 की है।

### वेस्टइंडीज को एक स्थान का फायदा

*वेस्टइंडीज बनाम पाकिस्तान सीरीज का तीसरा मुकाबला अभी बाकी है। इसी मैच के परिणाम से तय होगा कि सीरीज पर कौन सी टीम कब्जा जमाएगी। इस बीच वेस्टइंडीज ने सीरीज का दूसरा मैच अपने नाम किया है, इसलिए उसे फायदा मिलता हुआ दिख रहा है। वेस्टइंडीज की टीम अब एक स्थान की छलांग के साथ नंबर 10 पर जा पहुंची है, जो इससे पहले 11वें स्थान पर हुआ करती थी। बांग्लादेश की टीम नंबर 11 पर चली गई है। आईसीसी ने आखिरी बार इस रैंकिंग को 10 अगस्त तक अपडेट किया है। अब देखना है कि सीरीज जब समाप्त होगी तो रैंकिंग पर क्या असर दिखाई देता है।*

## फुटबॉल


# कम्युनिटी शील्ड पर क्रिस्टल पैलेस का कब्जा, लिवरपूल को हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना स्वप्निल अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेंबली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, 'यह अविश्वसनीय है। लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था।

## अमेरिकी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप...



**न्यू ऑरलियन्स।** अमेरिकी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के सीनियर महिला फाइनल के बाद ओवरऑल स्वर्ण पदक विजेता हेजली रिवेरा (बीच में), फ्लोरिडा विश्वविद्यालय की रजत पदक विजेता लीन वोंग (बाएं) और वर्ल्ड चैंपियंस सेंटर की कांस्य पदक विजेता जोसलीन रॉबर्सन (दाएं) पोडियम में खुशी मनाती हुई।

## रीतिका ने जीता स्वर्ण, भारत एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहा

**बैंकॉक।** रीतिका ने महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत ने सोमवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर -22 वर्ग के पदक तालिका में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया। भारतीय अंडर-22 टीम ने कुल 13 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जबकि अंडर-19 मुक्केबाजों ने कुल 14 पदक (तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य) के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकी। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रही। यात्री पटेल को महिला 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में चीन की यू तियान को जोरदार टक्कर देने के बावजूद प्रिया को 2-3 के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। नीरज को पुरुष 75 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकतजोन बोल्टायेव से हार का सामना करना पड़ा।

## राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता गगनदीप को डोपिंग मामले में मिली तीन साल की सजा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय खेलों में चक्का फेंक के स्वर्ण पदक विजेता गगनदीप सिंह सहित कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन खिलाड़यों ने डोपिंग का आरोप लगने के 20 दिनों के अंदर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके कारण उनकी सजा चार साल के बजाय तीन साल कर दी गई। सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक में 55.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद वह डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये गये। उनके नमूने में 'टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' की पुष्टि होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस 30 साल के खिलाड़ी की प्रतिबंध अवधि की शुरुआत 19 फरवरी 2025 से होगी। खिलाड़ी के पहले अपराध के लिए अधिकतम प्रतिबंध की अवधि चार साल है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8 (परिणाम प्रबंधन समझौता) के तहत अगर खिलाड़ी अपने अपराध को जल्दी स्वीकार कर लेता है तो उसकी सजा कम हो सकती है। गगनदीन से राष्ट्रीय खेलों का पदक वापस ले लिया जायेगा।

## चेन्नई ग्रैंड मास्टर 2025: अर्जुन के अजेय अभियान पर रोक

# सरीन की पहली जीत, बड़ा उलटफेर करते हुए एरिगैसी को हराया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

निहाल सरीन ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए बड़ा उलटफेर कर दिया। उन्होंने चौथे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराकर उनके अजेय अभियान पर रोक लगा दी। वहीं, जर्मन ग्रैंडमास्टर विंसेंट केमर ने डच स्टार अनीश गिरी से ड्रॉ खेलते हुए चार मैचों की अजेय लय बरकरार रखी। अंकतालिका में उनकी बढ़त कायम है।

चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 का ये तीसरा सीजन है, जिसे भारत का सबसे मजबूत क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट माना जाता है। एमजीडी-1 की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स नाम से दो 10-खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन वर्ग शामिल हैं, जिसे 9 राउंड में 10 दिनों तक खेला जाएगा।

### जर्मन ग्रैंडमास्टर विंसेंट केमर की विजयी लय बरकरार



### मास्टर्स विजेता को मिलेंगे 25 लाख रुपए

*कुल एक करोड़ रुपए की इनामी राशि में मास्टर्स विजेता को 25 लाख रुपए, चैलेंजर्स विजेता को 7 लाख रुपए और 2026 मास्टर्स में सीधी जगह मिलेगी। इसके अलावा टूर्नामेंट मास्टर्स विजेता को 2026 कैंडिडेस क्वालिफिकेशन के लिए 24.5 फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे। निहाल की अर्जुन एरिगैसी पर जीत एक तनावपूर्ण और रणनीतिक मुकाबले के बाद आई, जिसकी शुरुआत रेती ओपनिंग से हुई थी, जहां अर्जुन ने अपने हमवतन के सेटअप की नकल की। शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद कमेंट्री बॉक्स में मौजूद थे, जो फैस को एक अनोखा लाइव अनुभव दे रहे थे। खेल धीमी गति से आगे बढ़ा और 15वीं चाल पर अर्जुन ने पहला मोहरा अपने नाम किया। वहीं निहाल को बढ़त बनाने का मौका मिला और उन्होंने 70वी चाल पर जीत दर्ज कर 2025 सीजन में अपनी पहली सफलता हासिल की। इसी बीच मुरली कार्तिकेयन ने भी प्रभावित किया। वह जॉर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर अंकतालिका में ऊपर चढ़ गए।*

समुद्र तटों की रक्षा बढ़ा रहा भारत

# कई नए निगरानी उपकरणों की तैनाती करेगा इंडियन कोस्ट गार्ड

आईसीजी के पास इस समय करीब 205 जहाज हैं। इनके अलावा अलग-अलग साइज के समुद्री वाहन और 78 विमान भी इसके बेड़े में शामिल हैं। आईसीजी ने जिस तरह से समुद्री हादसों से निपटने में चुनौती भरे अभियानों को अंजाम दिया है, वह इसकी बढ़ती क्षमता का प्रतीक है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) समुद्र तटों की रक्षा के लिए कई तरह के निगरानी उपकरणों की तैनाती की तैयारी में है। इसमें रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) और अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) शामिल हैं। इनकी सहायता से तट रक्षक बल समुद्री तटों की निगरानी कर सकेगा और खुफिया जानकारी जुटा सकेगा। यह जानकारी इंडियन कोस्ट गार्ड के डायरेक्टर जनरल परमेश शिवमणि ने दी है। रविवार को रक्षा मंत्रालय ने एक रिकॉर्डेड पोडकास्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कोस्टल सर्विलांस नेटवर्क प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और इस साल के अंत तक यह ऑपरेशनल हो जाएगा।

*आरपीए और यूएवी से होगी निगरानी, 78 विमान भी*

*कोस्टल सर्विलांस नेटवर्क प्रोजेक्ट पर चल रहा काम*



### क्षमता में बढ़ोतरी कर रहे

*आईसीजी के डीजी परमेश शिवमणि ने जो कुछ कहा है, उसके अनुसार यह अपनी क्षमता लगातार बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है और इसी के तहत अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस जहाजों को इसके बेड़े में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि कोस्ट गार्ड तटों की निगरानी बढ़ाने, टोह लेने और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) और अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) शामिल करने की भी तैयारी में है। उन्होंने कहा, आईसीजी कोस्टल सर्विलांस नेटवर्क फेज-1 में अभी 46 रडार स्टेशन पूरी तरह से संचालित हैं। फेज-2, जिसपर काम चल रहा है,उसमें 38 स्टेशन हैं, और यह इस साल के अंत तक काम करने लगेंगे।*

### आईसीजी के पास हैं 205 जहाज

*आईसीजी के पास इस समय करीब 205 जहाज हैं। इनके अलावा अलग-अलग साइज के समुद्री वाहन और 78 विमान भी इसके बेड़े में शामिल हैं। हाल के दिनों में आईसीजी ने जिस तरह से समुद्री हादसों से निपटने में चुनौती भरे अभियानों को अंजाम दिया है, वह भी इसकी बढ़ती क्षमता का प्रतीक है। इसमें सिंगापुर का व्यापारिक जहाज एमवी वैन हैई 503 और लाइबेरियाई कंटेनर जहाज एमएससी एल्सा 3 शामिल हैं। पहले में भारतीय समुद्र क्षेत्र में आग लग गई थी और दूसरा कोच्चि तट पर डूब रहा था। दोनों में कोस्ट गार्ड ने शानदार राहत और बचाव अभियान को अंजाम दिया।*

### महत्वपूर्ण तटों पर 14 हुवरक्राफ्ट तैनात

*भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक के अनुसार उनके पास इस समय 14 हुवरक्राफ्ट हैं, जो रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण भारतीय तटों पर तैनात किए गए हैं। ये एक ऐसे तटीय वाहन होते हैं, जो पानी, जमीन, कीचड़ और यहां तक कि बर्फीली सतहों पर भी चल सकते हैं। इन्हें एयर कुशन वाहन (एसीवी) भी कहा जाता है, क्योंकि यह अपने नीचे हवा का कुशन बनाकर चलते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास कई स्टेशन और जिला मुख्यालय हैं, जो तटों पर रणनीतिक तौर पर स्थापित किए गए हैं।*

### जुलाई में लॉन्च हुए दो अत्याधुनिक जहाज

कोस्ट गार्ड चीफ के अनुसार जब तटों पर जहाजों की तैनाती की जाती है तो यही स्टेशन उन्हें समुद्र में लंबे समय तक टिके रहने में सहायता करते हैं। मतलब, ईंधन, राशन, पानी अन्य चीजों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए कोस्ट गार्ड स्टेशनों की भूमिका अहम होती है। मतलब, इससे जहाजों को समुद्र में लगातार चौकसी बनाए रखने में मदद मिलती है। कुछ समय पहले भारतीय तटरक्षक बल ने कुछ ने नए जहाज लॉन्च किए हैं, इनमें 'अटल' और 'समुद्र प्रचेत' शामिल हैं। 'अटल' आठ आधुनिक जहाजों की श्रृंखला में छठा है। यह जहाज भारत में ही बनाया गया है। वहीं 'समुद्र प्रचेत' दूसरा प्रदूषण नियंत्रण जहाज है। इसे भी गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है। यह जहाज तेल रिसाव की स्थिति में मदद करेगा। इसे भी जुलाई में लॉन्च किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### समलैंगिक जोड़े को 80 कोड़े मारने की सजा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रूढ़िवादी अकेह प्रांत में एक शरिया अदालत ने समलैंगिक जोड़े को सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई। सजा के तहत दोनों पुरुषों को यौन कृत्य में शामिल होने के लिए 80-80 कोड़े मारे जाएंगे। अकेह में शरिया कानून लागू है और समलैंगिक संबंधों की इजाजत नहीं है। अकेह की इस्लामी धार्मिक पुलिस ने आरोपी जोड़े को यौन कृत्य करते हुए पकड़ा और अब शरिया अदालत ने दोनों को सजा सुनाई है।



### फिलिस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया भी फिलिस्तीन को मान्यता देगा। आगामी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन के दौरान इसका औपचारिक ऐलान किया जाएगा। अल्बानीज ने कहा कि फिलिस्तीन में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी और साथ ही गाजा का विसैन्यीकरण होगा और वहां चुनाव भी कराए जाएंगे।



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत

# इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों का पानी, गैस, अखबार बंद किया

आईएसआई के इशारे पर किया जा रहा परेशान

*इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के लिए अखबार, गैस और साफ पानी जैसी सुविधाओं पर रोक लगाई जा रही है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी में काम कर रहे भारतीय राजनयिकों के काम और जीवन को मुश्किल बनाने के लिए ये फैसले लिए जा रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जख्म खाया पाकिस्तान अब फिर तनाव बढ़ाने वाले कदम उठा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर है कि इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के लिए अखबार, गैस और साफ पानी जैसी सुविधाओं पर रोक लगाई जा रही है। हालांकि, इसे लेकर सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी में काम कर रहे भारतीय राजनयिकों के काम और जीवन को मुश्किल बनाने के लिए ये फैसले लिए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में शीर्ष सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के इशारों पर राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है।

**खास बातें**

- पाकिस्तानी के ये फैसले वियना कन्वेंशन का उल्लंघन करते
- जानबूझकर पानी और गैस की सप्लाई को रोका जा रहा
- गैस सिलैंडर देने से मना

### गैस सिलेंडर देने से किया मना




*रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइन लिमिटेड (एसएनजीपीएल) की तरफ से भारतीय उच्चायोग के परिसर में पाइपलाइन लगा दी गई हैं, लेकिन जानबूझकर सप्लाई को रोका जा रहा है। कथित तौर पर गैस सिलेंडर की सप्लाई करने वालों को भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय स्टाफ को सिलेंडर देने से मना कर दिया है।*

### सप्लायर को पानी देने से रोका

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय मिशन की तरफ से जिस सप्लायर को साफ पानी का ठेका दिया गया है, उसे भी डिलीवरी देने से रोका जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके चलते स्टाफ परेशान है, क्योंकि नल का पानी बगैर फिल्टर किए पीने के लिए सुरक्षित नहीं है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद तनाव बरकरार

खास बात है कि साल 2019 में हुए पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान में तनाव बरकरार है। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर के ही पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने हालात और खराब कर दिए हैं। दोनों ही मौकों पर भारत ने जवाबी कार्रवाई कर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया है। 2019 में भारत ने बालाकोट एयरस्ट्राइक कर जवाब दिया। वहीं, मई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम का बदला लिया।

### प्रिंट मीडिया से दूर रखा

*रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी न्यूज पेपर सप्लायर को मिशन में अखबार देने से भी मना कर दिया है। कहा जा रहा है कि इसकी बड़ी वजह अधिकारियों को प्रिंट मीडिया से दूर कर स्थानीय जानकारियों से वंचित रखा जाना है। सरकारी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तानी के ये फैसले वियना कन्वेंशन का उल्लंघन करते हैं।*

आतंकवाद के खिलाफ अभियान जारी

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, सेना ने आतंकियों को घेरा, एक घायल



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के डुल इलाके में आतंकियों के खिलाफ सेना का अभियान दूसरे दिन भी जारी है। इलाके में एक गुफा में छिपे आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है, और मुठभेड़ जारी है। लगातार गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जिससे इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। यह संयुक्त ऑपरेशन भारतीय सेना की 17 राष्ट्रीय राइफल्स, 2 पैरा स्पेशल फोर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) द्वारा चलाया जा रहा है। अब तक की जानकारी के अनुसार, दो स्थानीय आतंकवादी घिरे हुए हैं, जो पिछले आठ वर्षों से इस इलाके में सक्रिय थे।

### पहले हुई मुठभेड़ में भाग निकले थे

*सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में एक आतंकी जिसकी पहचान रियाज के रूप में की जा रही है उसकी घायल होने की आशंका है, लेकिन इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यही दोनों आतंकी इससे पहले 20 जुलाई को चेर्जी के हडल गल जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ के दौरान भाग निकले थे। इस बार सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों ओर से घेर कर किसी भी भागने की संभावना को खत्म कर दिया है। सेना और सुरक्षा एजेंसियों का अभियान पूरी सतर्कता और रणनीति के साथ जारी है।*

### रविवार को शुरू हुई थी मुठभेड़

आपको बता दें कि एक दिन पहले रविवार को किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। डुल क्षेत्र में सेना के जवानों ने आतंकियों को घेरा था। इलाके में गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही थी। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि भारतीय सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के डुल इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। गोलीबारी जारी है।

# अमेरिकी धरती से दी गई मुनीर की गीदड़भभकी पर भारत की दो टूक...

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर द्वारा अमेरिका की जमीन से दी गई परमाणु युद्ध की खुली धमकी पर सोमवार को भारत ने एक तीर से दो निशाने लगाए। पहले में उसने पाकिस्तानी जनरल की परमाणु युद्ध की गीदड़भभकी पर कड़ा पलटवार किया। जबकि दूसरे में अमेरिका को आईना दिखा दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत पहले ही ये साफ कर चुका है कि वह परमाणु युद्ध की धमकी के आगे कतई नहीं झुकेगा। हम लगातार अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। ऐसी धमकी देना हालांकि पाकिस्तान की पुरानी आदत है। लेकिन यहां यह खेदजनक है कि ऐसे बयान भारत के एक मित्र (अमेरिका) देश की धरती से दिए गए हैं।



- पाकिस्तान की परमाणु युद्ध की धमकी के आगे नहीं झुकेगा भारत, राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए लगातार उठाए जाएंगे सभी जरूरी कदम

### बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी, भारत ने सिंधु पर बांध बनाया तो जंग होगी

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बाद पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत को लेकर जहर उगला है। बिलावल ने भारत को गीदड़भभकी देते हुए कहा, भारत ने सिंधु पर बांध बनाया तो जंग होगी। पाकिस्तान के सिंधु पर तारीखी हमला किया गया है। बिलावल ने कहा कि सिंधु दरिया पाकिस्तान की जनता का एक मात्र रिसोर्स है। जब पीएम मोदी ने इस दरिया के खिलाफ हमला करने का ऐलान किया तो वो हमारी तहजीब और शफकत पर हमला करने का ऐलान किया।

# राष्ट्रपति के 'एट-होम' कार्यक्रम का आमंत्रण इस बार बेहद खास

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** राष्ट्रपति भवन ने इस बार लीक से हटकर बेहद खास अभिनव प्रयोग किया है। देश के सुदूरवर्ती इलाकों से जुडी महिला हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा तैयार की गई विभिन्न सामग्रियों को मिलाकर सुंदर, लुभावना आमंत्रण किट तैयार किया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित पारंपरिक 'एट-होम' समारोह में इस बार आमंत्रित विशिष्ट मेहमानों को दिए गए निमंत्रण किट में खासतौर पर पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत की झलक नज़र आई। इस किट में शिल्प, साहित्य और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से देश के इन क्षेत्रों का संदेश पहुंचाने की कोशिश की गई है। राष्ट्रपति भवन से आमंत्रित विशेष मेहमानों को मिला यह किट खूबसूरत डिज़ाइन वाले बॉक्स में सजाया गया था। जिसमें पूर्वोत्तर की हस्तनिर्मित शॉल है जिसमें नागालैंड और मेघालय की पुरातन आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक बुनाई के रंग और पैटर्न की झलक दिखती है। ओडिशा की पत्ताचित्र कला पर आधारित बुकमार्क और कार्ड पर बेहद खूबसूरती से हस्तलिखित आमंत्रण उकेरा गया है। आमंत्रण किट में असम की चाय और मणिपुर की विशिष्ट पहचान वाली ऑर्गेनिक हनी को शामिल है। झारखंड की लकड़ी पर की गई नक्काशी का स्मृति-चिह्न है तो बिहार की टिकुली को भी किट का हिस्सा बनाया गया है। खासतौर से भारतीय सभ्यता और संस्कृति से नहाये आमंत्रण पत्र में राष्ट्रपति मुर्मू का व्यक्तिगत संदेश भी है।

- पूर्वोत्तर की आदिवासी संस्कृति तो पूर्वी भारत के संदेश से ओतप्रोत है विशेष न्यौता




पुराने कंप्यूटरों में तकनीकी खामी के चलते साल 2038 को लेकर डरा देने वाला अलर्ट

# 137 साल पीछे चला जाएगा समय, ग्लोबल क्रैश का बड़ा खतरा

*कई कंप्यूटर में तारीख 13 दिसंबर, 1901 पर रीसेट हो जाएगी*

*सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में गड़बड़ी से सिस्टम क्रैश होने लगेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2038 में 19 जनवरी को 32-बिट साइंड इंटीजर्स का इस्तेमाल करने वाले कंप्यूटर में तारीख अपने आप 137 साल पहले की रीसेट हो जाएगी। इससे बचने के लिए सभी सिस्टमों को 64-बिट तकनीक में अपग्रेड करना होगा। वरना, इसका नतीजा बेहद खतरनाक हो सकता है। यह एक तरह का तकनीकी खतरा है, जो साल 2038 में आ सकता है। इस दौरान जो सिस्टम 32-बिट साइंड इंटीजर्स वाले कंप्यूटर का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनमें तारीख साल 1901 की दिखने लगेगी।



### तकनीकी गड़बड़ी भयावह खतरा पैदा करेगी

यह एक लिहाज से सिर्फ तकनीकी गड़बड़ लग रही हो, लेकिन यह भयावह खतरा पैदा करेगी। इसका असर उन सिस्टम्स पर पड़ सकता है जो हमारे रोजमर्रा के जीवन में काम आते हैं। अस्पतालों के डिवाइसेस, बैंकों के सर्वर, हवाई जहाज और बिजली ग्रिड जैसे सिस्टम 32-बिट तकनीक पर चलते हैं। इनमें समय गलत होते ही आर्थिक नुकसान और लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इससे सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में गड़बड़ी हो सकती है, क्योंकि वे समय को गलत समझेंगे। यह गड़बड़ी सिस्टम क्रैश, डेटा खराब होने या गलत फैसलों का कारण बन सकती है।

### अपने आप रीसेट हो जाएगा समय

*कई कंप्यूटर सिस्टम समय को यूनिक्स समय फॉर्मेट में ट्रैक करते हैं। यूनिक्स समय 1 जनवरी, 1970 की आधी रात से अब तक के सेकंड गिनता है। ज्यादातर पुराने सिस्टम इस गिनती को 32-बिट साइंड इंटीजर्स में स्टोर करते हैं, जिसकी एक सीमा होती है। 19 जनवरी, 2038 को सुबह 3:14:07 बजे यह सीमा खत्म हो जाएगी। इसके बाद समय गलत होकर 13 दिसंबर, 1901 पर रीसेट हो जाएगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25